इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण
" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -211 | राजनांदगांव, मंगलवार 18 जून 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्पलेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

# दार्जिलिंग में सिग्नल तोड़ कंचनजंगा एक्सप्रेस से भिड़ी मालगाड़ी, 9 लोगों की मौत; 41 घायल

जलपाईगुड़ी। न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के निकट सोमवार को एक मालगाड़ी ने सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी, जिससे ट्रेन के तीन पिछले डिब्बे पटरी से उतर गए। दुर्घटना आज सुबह करीब नौ बजे न्यू जलपाईगुड़ी और रंगापानी रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। जिसमें कम से कम 9 यात्री मारे गए और 41 अन्य घायल हो गए। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के चालक और पैसेंजर ट्रेन के गार्ड समेत तीन रेल कर्मचारियों और छह यात्रियों की मौत हुई है जबकि 41 लोग घायल हुए हैं। घायलों को सिलीगुड़ी के अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इनमें 9 की हालत गंभीर है। हादसे की वजह से इस रेल मार्ग पर दर्जनों ट्रेनें रद्द कर दी गईं।

### पीएम मोदी बोले- बंगाल में रेल हादसा दुखद

पीएम ने ट्वीट कर कहा, पश्चिम बंगाल में रेल हादसा दुखद है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)



### मृतकों के परिजन को 10 लाख, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख आर्थिक मदद

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्वीट बताया कि रेलवे ने जलपाईगुड़ी रेल हादसे में जान गंवाने वाले हर यात्री के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया है। गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख जबकि कम घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने हादसे पर दुख जताया, इसके साथ पीएमओ ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया है, जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद देने का वादा किया है।

### मोदी सरकार पर भड़कीं ममता बनर्जी



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, जब मैं रेल मंत्री थी, मैंने 2-3 बड़ी रेल दुर्घटनाएं देखीं, उसके बाद मैंने सुनिश्चित किया कि टक्कर रोधी उपकरण तैयार हो और उसे चालू किया जाए। उसके बाद ट्रेनों की टक्कर बंद हो गई। आज रेलवे में क्या हो रहा है, कोई नहीं जानता...। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, मैंने बहुत सी चीजें शुरू कीं, लेकिन वे केवल वंदे भारत ट्रेनों का प्रचार कर रहे हैं। दुरंतो एक्सप्रेस कहां है? राजधानी एक्सप्रेस के बाद दुरंतो सबसे तेज चलने वाली ट्रेन थी...आज पूरा रेलवे विभाग लापरवाही का सामना कर रहा है।

### यह राजनीति करने का समय नहीं - रेल मंत्री

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दार्जिलिंग जिले में कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा, अभी हमारा ध्यान बहाली पर है। यह मुख्य लाइन है। बचाव अभियान पूरा हो चुका है। यह राजनीति का समय नहीं है।

# लोकसभा स्पीकर का पद किसी को नहीं देगी भाजपा, विपक्षी पार्टियों के नेताओं से भी मांगेगी समर्थन



नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से चयन के लिए भाजपा ने सहयोगी दलों के साथ-साथ विपक्षी दलों को भी साधने की रणनीति तैयार कर ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जल्द ही बैठक करके नाम को लेकर फैसला करेंगे। इसके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता एनडीए के सहयोगी दलों के साथ भी विचार-विमर्श करेंगे।

### विपक्षी पार्टियों के नेताओं से भी मांगेगी समर्थन

पार्टी की कोशिश लोकसभा अध्यक्ष का चयन सर्वसम्मति से कराने की है और इसके लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सहयोगी दलों के साथ ही विरोधी दलों से बातचीत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसे लेकर राजनाथ सिंह के आवास पर रविवार को भी एक बैठक हुई थी, जिसमें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, जेडीयू नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान भी शामिल हुए थे।

### 24 जुलाई से शुरू होगा लोकसभा का सत्र

लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण, लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव, राष्ट्रपति के अभिभाषण और उस पर चर्चा के लिए 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है। वहीं, राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होने जा रहा है। दोनों सदनों की कार्यवाही 3 जुलाई को समाप्त होगी। लोकसभा सत्र के पहले दो दिन यानी 24 और 25 जून को नवनिर्वाचित सांसद संसद सदस्यता की शपथ लेंगे। सांसदों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद 26 जून को लोकसभा के नए अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।

### लोकसभा अध्यक्ष के उम्मीदवार का नाम प्रस्तावित करेंगे पीएम मोदी

सूत्रों की माने तो प्रधानमंत्री मोदी स्वयं 26 जून को सदन में लोकसभा अध्यक्ष के उम्मीदवार का नाम प्रस्तावित करेंगे और पूरे सदन से उन्हें सर्वसम्मति से चुनने का आग्रह करेंगे। इस बार लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव भी हो सकता है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भाजपा की विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी, शिवराज समेत इनको मिली जिम्मेदारी



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा ने विधान सभा चुनावों के लिए भी कमर कस ली है। चार राज्यों महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने सोमवार को चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त कर दिए। इनमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को झारखंड, भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र, धर्मेंद्र प्रधान को हरियाणा तो जी. किशन रेड्डी को जम्मू-कश्मीर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में आगामी कुछ माह में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन सभी राज्यों पर भाजपा की विशेष नजर है।

### महाराष्ट्र में उलटफेर

दरअसल, पिछले विधानसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र में बड़े राजनीतिक उलटफेर हुए। शिवसेना और एनसीपी दो फाड़ होने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में राजग सरकार चल रही है, लेकिन हाल ही में लोकसभा चुनाव में राजग को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। वहां शरद पवार और उद्धव ठाकरे का वर्चस्व तोड़कर दोबारा राजग सरकार बनाने के लिए भाजपा ने संगठन के अनुभवी और कई राज्यों में प्रभारी की भूमिका निभा चुके केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र का चुनाव प्रभारी बनाया है। भूपेंद्र यादव के साथ सह-प्रभारी के रूप में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को लगाया गया है। हरियाणा में भाजपा और जेजेपी का नाता टूट चुका है। वहां बदलते हालात और समीकरण को देखते हुए ही लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी ने दिग्गज नेता मनोहर लाल को हटाकर उनके स्थान पर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया, लेकिन चुनाव में भाजपा को नुकसान हुआ। वोट प्रतिशत भी घट गया।

### धर्मेंद्र प्रधान को सौंपा हरियाणा का जिम्मा

अब हरियाणा में फिर सत्ता में वापसी के लिए रणनीति बना रही भाजपा ने उत्तर प्रदेश के भी चुनाव प्रभारी रह चुके (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 18वीं लोकसभा में 52 सांसदों ने लगाई हैट्रिक, दो दिग्गज आठवीं बार लेंगे शपथ, नई संसद में पुराने अनुभव का दिखेगा दम



नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में नवनिर्वाचित सांसदों के शपथ ग्रहण के साथ ही संसद फिर ऐसे अनुभवी नेताओं से भर जाएगी, जो लगातार जनता की अदालत में उनकी उम्मीदों और पैमानों पर खरे उतरते रहे हैं। तीसरी बार केंद्रीय मंत्री बनाए गए मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ से भाजपा सांसद वीरेंद्र कुमार ऐसे विरले सांसदों में हैं, जो 11वीं लोकसभा से सतत संसद के सदस्य बने हुए हैं और इस बार 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेंगे।

केरल से कांग्रेस सांसद के. सुरेश भी आठवीं बार सदस्य चुने गए हैं, जबकि जीत की हैट्रिक लगाकर 52 सदस्य संसद में पहुंचे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान लू के थपेड़ों के साथ कहीं सत्ता विरोधी लहर चली तो कहीं उम्मीदवार जातीय चक्रव्यूह को नहीं भेद पाए। जनता की अदालत हर बार ऐसी कड़ी परीक्षा लेती है कि लोकतंत्र के मंदिर कहे जाने वाली संसद की सीढ़ियां कई प्रत्याशी तो कई प्रयासों में भी पार नहीं कर पाते और कई ऐसे हैं, जो लंबे समय से हर बार जनादेश के सहारे यह सीढ़ियां चढ़ते जा रहे हैं।

### लगातार आठवीं जीत वाले इकलौते सांसद

इनमें खास तौर पर भाजपा सांसद वीरेंद्र कुमार का नाम लिया जा सकता है, जो कि 11वीं लोकसभा से संसद के सदस्य हैं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पीएम किसान सम्मान निधी योजना: आज का दिन किसानों के लिए बेहद खास, प्रधानमंत्री मोदी जारी करेंगे 17वीं किस्त



**17 वीं किस्त का लाभ लगभग 9.3 करोड़ किसानों को मिलेगा**

नई दिल्ली। देश में चलने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से करोड़ों किसान जुड़े हैं और हर बार मिलने वाली किस्त का लाभ भी ले रहे हैं। इसी क्रम में आज यानी 18 जून का दिन योजना से जुड़े किसानों के लिए बेहद खास होने जा रहा है क्योंकि खुद पीएम नरेंद्र मोदी 17वीं किस्त जारी करेंगे। इसके लिए पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी जा रहे हैं।

इस बार 17वीं किस्त के रूप में डीबीटी के माध्यम से 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा पैसे जारी किए जाएंगे। इसके बाद पीएम मोदी कृषि सखियों के रूप में ट्रेनिंग प्राप्त स्वयं सहायता समूह के 30 हजार से ज्यादा सदस्यों को सर्टिफिकेट देंगे।

### इतने किसानों को किस्त मिलेगी

कार्यक्रम स्थान पर पीएम नरेंद्र मोदी किसानों को संबोधित करेंगे, इसके बाद वे योजना से जुड़े 9.30 करोड़ पात्र किसानों के खाते में 17वीं किस्त हस्तांतरित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार यानी 18 जून की शाम को लगभग 4.30 बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जिसके बाद वे हेलीकॉप्टर से मिर्जामुदार के मेंहदीगंज जाएंगे। जहां वे किसान संवाद कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। योजना से जुड़े किसानों को मिलने वाले लाभ की बात करें, तो इस बार 9.3 करोड़ पात्र किसानों को 17वीं किस्त का लाभ मिलेगा। इसकी जानकारी सरकार की तरफ से पहले ही दी गई है।

# प्रियंका गांधी वायनाड से लड़ेंगी चुनाव, राहुल गांधी ने चुनी रायबरेली सीट, मल्लिकार्जुन खड़गे का ऐलान



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ने वाली हैं। वह वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगी। राहुल गांधी ने बहन प्रियंका के लिए वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली सीट को चुना है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसकी जानकारी दी।कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मैं वायनाड का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होने से बहुत खुश हूं। मैं उन्हें उनकी (राहुल गांधी) अनुपस्थिति महसूस नहीं होने दूंगी। मैं कड़ी मेहनत करूंगी और सभी को खुश करने और अच्छा प्रतिनिधि बनने की पूरी कोशिश करूंगी। मेरा रायबरेली और अमेठी से बहुत पुराना रिश्ता है और इसे तोड़ा नहीं जा सकता है। मैं भी अपने भाई की मदद रायबरेली और वायनाड में करूंगी।

### वायनाड का मैं और प्रियंका रखेंगे ध्यान- राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि प्रियंका गांधी चुनाव लड़ने जा रही हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि वह चुनाव जीतने वाली हैं। वायनाड के लोग सोच सकते हैं कि उनके पास 2 संसद सदस्य हैं। एक मेरी बहन हैं और दूसरा मैं हूं। मेरे दरवाजे वायनाड के लोगों के लिए हमेशा खुले हैं। मैं वायनाड के हर एक व्यक्ति से प्यार करता हूं।

### वायनाड और रायबरेली से भावनात्मक रिश्ता- राहुल

राहुल ने कहा कि मेरा वायनाड और रायबरेली से भावनात्मक रिश्ता है। मैं पिछले 5 साल से वायनाड से सांसद था। मैं लोगों को उनके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड से चुनाव लड़ेंगी, लेकिन मैं भी समय-समय पर आपसे मिलता रहूंगा। मेरा रायबरेली से पुराना रिश्ता है। मुझे खुशी है कि मुझे फिर से उनका प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा, लेकिन यह एक कठिन निर्णय था।

# सुलिवन ने मोदी से की मुलाकात



नयी दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी पर पहल (आईसीईटी) पर भारत-अमेरिका शिखर सम्मेलन की दूसरी बैठक में शामिल होने के लिए भारत की यात्रा पर आए श्री सुलिवन ने प्रधानमंत्री को द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों -विशेष रूप से सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, दूरसंचार, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, अंतरिक्ष जैसे महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों (आईसीईटी) पर पहल में प्रगति के बारे में जानकारी दी। श्री मोदी ने भारत एवं अमेरिका के बीच सभी क्षेत्रों में बढ़ती द्विपक्षीय साझीदारी की गति और पैमाने और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों के मेल पर संतोष व्यक्त किया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बृजमोहन अग्रवाल ने छोड़ी विधायकी, विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह को दिया इस्तीफा; फिलहाल मंत्री बने रहेंगे



रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल अपने विधायकी के पद से इस्तीफा दे दिया है। वे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निवास स्थान पहुंचे और उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा। श्री अग्रवाल रायपुर दक्षिण से नौवीं बार विधायक बने थे। उनके साथ पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत, आरंग विधायक खुशवंत साहेब सहित बड़ी संख्या में समर्थकों का हुजूम उनके साथ पहुंचा।

इस्तीफा देने के बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि, मेरे लिए यह एक भावुक क्षण है और मैंने बड़े भावुक मन से इस्तीफा दिया है। केंद्रीय नेतृत्व ने मुझे देश के सदन में सांसद के रूप में भेजा है। सांसद बनने के बाद विधानसभा से मैंने इस्तीफा दिया है। मैं मेरे समर्थकों को कहना चाहता हूं कि, मैं पहले की तरह आपका मोहन बना रहूंगा।

### केंद्र में मंत्री ना बन का मलाल नहीं

केंद्र में मंत्री नहीं बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि, मुझे कोई मलाल नहीं है और मुझे मेरी पार्टी ने लगातार विभिन्न पदों पर जनता की सेवा करने का अवसर दिया है। मंत्री पद से इस्तीफा देने के सवाल पर कहा उन्होंने कहा कि, ये मुख्यमंत्री जी का विशेषाधिकार है।

### डहरिया अपना ऑफर और सम्मान अपने पास रखें

पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने उन्हें कांग्रेस में शामिल होने का न्योता दिया था। उसके इस न्यौते का जवाब देते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, वे अपना ऑफर और सम्मान अपने पास रखें।

### डहरिया ने दिया कांग्रेस में आने का ऑफर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल को पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कांग्रेस में आने का ऑफर दिया है। शिव डहरिया ने कहा कि, बीजेपी में सिर-फुटोव्वल की स्थिति बनी हुई है। बीजेपी में उनकी उपेक्षा की है, वो चाहें हमारी पार्टी में आ जाएं। अगर बृजमोहन मिलेंगे तो उनसे जरूर चर्चा करेंगे। वो जो चाहे वो मिलेगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मणिपुर में हिंसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश, केन्द्रीय बलों की संख्या भी बढ़ेगी



नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि केन्द्र सरकार मणिपुर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि राज्य में हिंसा की कोई और घटना न हो तथा सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए केंद्रीय पुलिस बलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की जानी चाहिए। श्री शाह ने यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में मणिपुर की स्थिति की समीक्षा के बाद यह भी निर्देश दिया कि हिंसा करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए और केन्द्र सरकार आवश्यकता पड़ने पर इससे भी ज्यादा केंद्रीय पुलिस बलों को भेजने के लिए तैयार है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार मणिपुर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने राहत शिविरों की स्थिति, विशेष रूप से भोजन, पानी, दवाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उचित उपलब्धता के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने मणिपुर के मुख्य सचिव को विस्थापितों के लिए उचित स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा उनके पुनर्वास का निर्देश दिया। गृह मंत्री ने मौजूदा जातीय संघर्ष को सुलझाने के लिए समन्वित दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय जल्द से जल्द दोनों समूहों, मैतेई और कुकी से बात करेगी ताकि दोनों समुदायों के बीच की खाई को पाटा जा सके। केन्द्र सरकार राज्य में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने में मणिपुर सरकार का सक्रिय रूप से समर्थन कर रही है। बैठक में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, केंद्रीय गृह सचिव, खूफिया ब्यूरो के निदेशक, सेना प्रमुख (नामित) लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार, असम राइफल्स के महानिदेशक, मणिपुर के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और सेना तथा गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में करीब एक वर्ष पहले शुरू हुई जातीय हिंसा के कारण उत्पन्न हुई तनावपूर्ण स्थिति अभी भी जारी है। केंद्र सरकार के तमाम दावों और कदमों के बावजूद राज्य में स्थिति सामान्य नहीं है और विपक्षी दल इस मुद्दे पर सरकार को लगातार घेरते रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
→ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू → अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
→ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए → 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# सुकमा, बीजापुर व नारायणपुर के तेन्दूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा नगद भुगतान, मुख्यमंत्री का निर्देश

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। इन जिलों में बैंकों की शाखाएं दूर-दूर हैं, इसलिए मुख्यमंत्री ने तेन्दूपत्ता संग्राहकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को यह निर्देश जारी किए हैं। सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों के हाट-बाजारों में कैम्प लगाकर तेन्दूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2024 में पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशों के परिपालन में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश मंत्रालय से जारी कर दिए गए हैं। सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों के अलावा अन्य जिलों में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को उनके खाते में पारिश्रमिक राशि का भुगतान किया जाता है।



प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि समस्त नगद भुगतान की कार्यवाही जिला कलेक्टर के पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में सम्पन्न की जाएगी। नगद भुगतान के लिए कौन से संग्राहक पात्र होंगे, इसका निर्धारण कलेक्टर द्वारा किया जाएगा।

प्रत्येक प्रकरण का नगद भुगतान कलेक्टर की अनुमति से होगा। प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर तथा वन मंडलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक, जिला यूनियन द्वारा आपसी समन्वय से प्रस्तावित क्षेत्र के अंतर्गत हाट बाजार या अन्य उपयुक्त स्थान पर कैम्प का आयोजन कर संबंधित संग्राहकों को तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्ड में उचित प्रविष्टि कर नगद भुगतान करते हुये पावती प्राप्त करेंगे। नगद भुगतान के पूर्व पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा नगद भुगतान से संबंधित समस्त कार्य की संपूर्ण वीडियोग्राफी करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। संबंधित जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में उपरोक्त कैम्प के दौरान संग्राहकों को आवश्यकतानुसार आधारकार्ड जारी करने, बैंक खाता खुलवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस हेतु सी.एस.सी. स्थानीय बैंक आदि से आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाएगा। संग्राहकों द्वारा प्राप्त बैंक खाता विवरण के अनुरूप संग्राहक सर्वेक्षण साफ्टवेयर तेन्दूपत्ता पेमेंट साफ्टवेयर में आवश्यक पंजीयन आदि जिला यूनियन तथा सी.एस.सी. के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि के भुगतान की कार्यवाही 15 दिन के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ते वक्त यात्री का फिसला हाथ, जवान ने बचाई जान

भिलाई (दावा)। भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर जवान की सक्रियता से बड़ा हादसा टल गया। दरअसल, अमरकंटक एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे बिलासपुर निवासी परमेंद्र पाण्डेय का स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर गाड़ी में चढ़ते समय हाथ फिसल गया और गिरने लगे।



इसे देख ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक एसके तिवारी ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए उन्हें प्लेटफार्म से नीचे गिरने से बचा लिया। हादसे में उन्हें कोई चोट नहीं आई। इसके बाद सीसीटीवी कंट्रोल रूम में यात्री को बैठाकर पानी पिलाकर रेस्ट कराया गया, फिर दूसरी ट्रेन से रवाना किया गया।रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत ड्यूटी पर तैनात जवानों की सक्रियता से ट्रेनों में चढ़ते समय होने वाले हादसों की निगरानी की जा रही है। चलती गाड़ी में न चढ़ने की सलाह यात्रियों को लगातार दी जा रही है, फिर भी लोग नहीं सुधर रहे हैं।

### यह है पूरा घटनाक्रम

जानकारी के अनुसार घटना शनिवार शाम की है, रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म से अमरकंटक एक्सप्रेस 6.42 बजे छूटने लगी। इसी दौरान बिलासपुर के यात्री परमेंद्र पांडेय चलती ट्रेन में चलने की कोशिश करने लगे और उनका हाथ फिसल गया और वह सीधे नीचे गिर गया। वह ट्रेन की चपेट में आता इससे पहले ही जवान एस.के. तिवारी ने यह देख तुरंत यात्री को ट्रेन से दूर किया।

### कुछ पल और नहीं तो चली जाती जान

भिलाई स्टेशन पर जवान ने सही समय पर यात्री को गिरते हुए देख लिया, नहीं तो वो ट्रेन की चपेट में आ जाता और उसकी जान चली जाती। घबराए हुए यात्री को जवान ने पानी पिलाया और शांत किया। इसके बाद उसे कुछ देर तक आराम करने को कहा, जब उसकी घबराहट दूर हुई तो दूसरी ट्रेन से उसे भेजा गया। इस पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

## छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की परीक्षाएं वर्ष में तीन बार आयोजित होगी

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं सेकण्डरी की मुख्य/अवसर परीक्षाएं वर्ष में तीन बार आयोजित होगी। प्रथम परीक्षा माह अप्रैल में, द्वितीय परीक्षा माह अगस्त में एवं तृतीय परीक्षा माह नवम्बर में। वर्ष 2024 प्रथम परीक्षा माह अप्रैल की भांति द्वितीय परीक्षा एवं तृतीय परीक्षा में सामान्य, क्रेडिट, आर.टी.डी. एवं अवसर के परीक्षार्थी नियमानुसार सम्मिलित हो सकते है। द्वितीय परीक्षा-अगस्त 2024 में आयोजित होने वाली द्वितीय परीक्षा हेतु सामान्य शुल्क के साथ प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून तक तथा 01 जुलाई तक विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। तृतीय परीक्षा-नवम्बर 2024 में आयोजित होने वाली तृतीय परीक्षा हेतु सामान्य शुल्क के साथ 01 सितम्बर 2024 से 05 अक्टूबर 2024 से 10 अक्टूबर तक विलंब शुल्क के साथ प्रवेश की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

## पहला कॉलम...

### सांसद विजय बघेल के कर कमलों से सम्मानित हुआ छात्र युवा मंच परिवार



राजनांदगांव (दावा)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर दुर्ग जिले के भिलाई शहर में आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह में सर्वाधिक 94 रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए सांसद विजय बघेल के करकमलों से सम्मानित हुआ छात्र युवा मंच परिवार।

### प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद जनता परेशान

राजनांदगांव (दावा)। जब से भाजपा की नई सरकार प्रदेश में विराजमान हुई है, बिजली के मामले में पूरा प्रदेश त्रस्त है बिजली की आये दिन कटौती होना, बिजली का बिल अत्यधिक आना, बिजली बिल हाफ योजना का बन्द हो जाना, बिजली बिल हाफ योजना बन्द हो जाने के कारण गरीब जनता वैसे ही परेशान है, पानी को लेकर नगर निगम के कर्मचारियों की मनमानी, नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा मनमानी ढंग से कार्य करना यह दर्शाता है कि जनता को परेशान किया जाये, महंगाई से जनता वैसे ही पिछले 10 वर्षों से परेशान है। पार्षद लगातार वार्ड विकास कार्य एवं वार्ड में नल जल, बिजली, सफाई के कार्यो को लेकर गंभीरता दिखा रही है, निगम प्रशासन मनमानी कर रहा है, कभी कहते बिजली गुल हो जाने के कारण टंकी में नही आ रहा है जिससे जल आपूर्ति नहीं हो पा रही हैं, जनता के साथ साथ पार्षदों को परेशान किया जा रहा है, बिजली की समस्या पूरे राजनांदगांव में है, इसका मतलब प्रदेश की सरकार बिजली गुलकर जनता को परेशान कर रही है।

### श्रीमती सावित्री यादव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। रेलवे राजनांदगांव में कार्यरत श्रवण कुमार यादव की माता श्रीमती सावित्री यादव का 87 वर्ष की उम्र मे आज स्वर्गवास हो गया है। ग्राम नेतामटोला अम्बागढ़ चौकी निवासी श्रवण यादव, जीतेन्द्र यादव की माता जी है जिन्होंने अपनी पैतृक सम्पति से मिडिल स्कूल के लिये अपना जमीन दान देकर पुण्य कार्य कर एक नया उदाहरण पेश किया है। माध्यमिक शाला में आज दो गांव के बच्चे अध्ययनरत है। इनकी अंतिम यात्रा आज 18 जून को सुबह 10:00 बजे नेतामटोला में निकाली जाएगी।

# कार्यवाही न होने से उमरवाही में अवैध शराब विक्रेता के हौसले बुलंद

*(राजेश मेश्राम)*

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम उमरवाही में विगत दो माह से खुलेआम अवैध शराब की बिक्री गुण्डरदेही - उमरवाही मुख्य मार्ग के समीप ही लगे जंगल में की जा रही है। क्षेत्र के ग्राम उमरवाही, बरबसपुर, संबलपुर, चंदिया, गिदर्री, बड़गांव, जनकपुर गोटाटोला धोबिनी के ग्रामीण हैरान हैं कि शराब की अवैध बिक्री विगत दो माह से धड़ल्ले से की जा रही है वह भी गुण्डरदेही उमरवाही मुख्य मार्ग के करीब ही बावजूद इसके अवैध शराब विक्रेता पर स्थानीय पुलिस और आबकारी द्वारा कार्रवाई न किए जाने से क्षेत्रीय ग्रामीण आक्रोशित है।

### 25 जून से खुलेंगे स्कूलों के पट, विद्यार्थियों के लिए चुनौती

शिक्षा सत्र की शुरुआत 25 जून से प्रारंभ हो रही है जो की लगभग 8 दिन ही शेष है। जिस मुख्य मार्ग पर शराब की बिक्री की जा रही है इस मार्ग से ही संबलपुर बरबसपुर की छात्र-छात्राएं हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी कक्षाओं में अध्ययन के लिए आते-जाते हैं। रास्ते में शराब बिक्री के चलते शराबियों से छात्र-छात्राओं का सामना होना निश्चित ही है। जहां पर शराब बिक्री की जा रही है वहां से उमरवाही ग्राम की दूरी



करीब 1 किलोमीटर है और पीछे ग्राम बरबसपुर संबलपुर ग्राम की दूरी तीन और चार किलोमीटर हैं, विद्यार्थियों द्वारा आवाज लगाए जाने के बाद भी उनकी आवाज रास्ते में ही गूंज कर रह जाएगी।

### शराब बिक्री के चलते एक्सीडेंट और चोरी की घटनाएं बढ़ी

जंगलों से घिरे इन ग्रामों में दो माह पूर्व तक चारों तरफ शांति का वातावरण था पर जब से इस मार्ग में शराब की बिक्री प्रारंभ हुई है आए दिन दुर्घटनाएं घटित होते जा रही हैं। विदित हो आज से माह भर पूर्व ही ग्राम गिदर्री के 24 वर्षीय युवा और ग्राम संबलपुर के 24 वर्षीय युवा की मौत मोटरसाइकिल दुर्घटना में घटित हो गई थी जिससे पता चला कि संबलपुर निवासी 24 वर्षीय चोवाराम पिता चम्मन लाल की मौत शराब के कारण ही हुई थी। वही उमरवाही निवासी सफीक खान के मोबाइल शॉप पर एक सप्ताह में ही दो बार चोरी की घटनाएं घटित हो गई है। ग्रामीण इन सब का कारण उमरवाही के जंगल में हो रही शराब बिक्री को मान रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब बिक्री का मुख्य सूत्रधार अर्जुनी निवासी सेनदास को बताया जा रहा है जो स्वयं बिक्री स्थल पर नहीं रहता और अपने द्वारा नियुक्त सहयोगियों के माध्यम से स्थल पर शराब बिक्री करवाता है।

### 18 ग्रामों के ग्रामीण पहुंच रहे हैं शराब लेने

उमरवाही में हो रही अवैध शराब बिक्री को खरीदने 18 ग्रामों के मदिराप्रेमी पहुंचते हैं जिसमें उमरवाही, बरबसपुर, संबलपुर, चंदिया, गिदर्री, कापा, जनकपुर, गोटाटोला, धोबिनी, लालूटोला सीताकसा, जबानटोला, बड़गांव गोडलवाही, मासूलकसा, साल्हेटोला, आमाकट्टा, बावली आदि ग्राम आते है।

> ग्राम पंचायत उमरवाही की परिधि में अवैध शराब बिक्री की शिकायत मिली है पुलिस अधिकारियों को इसकी शिकायत की जाएगी। उमरवाही के निवासियों की पहचान शालीनता में है ना कि नशे की बिक्री कर समाज की बर्बादी में।
> **- गोरी बेगम सरपंच उमरवाही**

# साइकिलिस्ट यश सोनी बैलगाड़ी यात्रा में निकले



राजनांदगांव (दावा)। जमातपारा निवासी साइकिलिस्ट यश सोनी कुछ दिन पहले बैलगाड़ी अपने शरीर से खींचते हुए यात्रा में निकले थे। 25 किलोमीटर पहुंचते ही एक लंबी चढ़ान चढ़ते हुए श्री सोनी के कंधे की नस खिंच गई हालांकि सोनी बहुत ही गंभीर रूप से घायल होते-होते बचे हैं। फिलहाल श्री सोनी को डॉक्टर ने सख्त मना किया है। बैलगाड़ी यात्रा अपने शरीर से खींचते हुए करने से जिससे शरीर को नुकसान हो और तो और गंभीर गहरी चोट आ सकती है जिंदगी भर के लिए। अभी वर्तमान में सोनी यात्रा को स्थगित करके मलहम पट्टी करवाकर घर लौट चुके हैं। मगर मिली जानकारी के अनुसार सोनी जी इस यात्रा को साइकिल से करने जा रहे हैं, जैसे ही उनका कंधा ठीक होगा तो जैसा कि हम सभी जानते हैं उनका संकल्प है 6000 पेड़ लगाने का और सोनी ने ठाना भी है कि वह बैलगाड़ी परंपरा को पूर्ण जीवित करेंगे।

# जमीन संबंधी विवाद में आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के मोहारा पुलिस चौकी में जमीन संबंधी विवाद पर आरोपियों को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। बताया जाता कि लंबे समय से दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके तहत आरोपियों द्वारा विद्युत लाइन काट दी गई थी।




मोहारा चौकी प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम निरीक्षक सी.आर. चंद्रा के मार्गदर्शन में तत्काल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गए निर्देश पर उक्त कार्रवाई की गई।

श्रीवास्तव ने बताया कि 16 जून रविवार को प्रार्थी हरिलाल कुर्रे ग्राम शिवपुरी द्वारा आकर अपनी शिकायत दर्ज कराया जो जमीन विवाद और लड़ाई गाली गलौच से सम्बन्धित होने से मौके पे तस्दीक बाद अनावेदक के खिलाफ अपराध क्रमांक 240/24 धारा 294,506,323,34 139 विद्युत अधिनियम के तहत चार आरोपियों मे कुशल लोधी, धनंजय लोधी, दुशासन लोधी व कोमल वर्मा को सोमवार 17 जून को रिमांड में कोर्ट डोंगरगढ भेजा गया।

# जिला नाचा संघ के नये पदाधिकारियों का गठन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के तत्वावधान में जिला ईकाई राजनांदगांव नाचा संघ द्वारा 16 जून को कारीपाठ मंदिर रामाटोला (डोंगरगढ़) में जिले के सभी मैनेजर, संचालक द्वारा जिला पदाधिकारियों का चयन सर्व सम्मति से किया गया, जिसमें खिलावन साहू (अध्यक्ष) संतोष सिंह राजपूत (उपाध्यक्ष) पवन सोनवानी (सचिव) टीकम वर्मा (कोषाध्यक्ष) भोजू यादव (सह - सचिव) धनवा राम निषाद (सह-कोषाध्यक्ष) तिलोक पटेल



(नर्तकी पक्ष) अध्यक्ष मलेश चंन्द्रवंशी (नर्तकी पक्ष) उपाध्यक्ष को सर्वसम्मति से चयनित किया गया एवं पार्टी को सही दिशा व उचित मार्गदर्शन हेतु सम्मानित व्यक्तियों को मनोनित किया गया तिलेश्वर वर्मा (प्रमुख सलाहकार एवं संरक्षक) तुलेश साहू (संरक्षक) केदार यादव (संरक्षक) गोपाल मंडावी (संरक्षक) तिलेश्वर वर्मा (उपाध्यक्ष) छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया गया।


dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
भीड़भरा शानदार चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइहा भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
17th June To 20th June 2024
silver SCREEN




Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 03:00 06:00 and 09:15 pm
Chandu Champion- 12:30, 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Munjya - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


# आज तारामती कबीर आश्रम तुलसीपुर में कबीर प्राकट्य उत्सव

राजनांदगांव (दावा)। तारामती कबीर आश्रम तुलसीपुर एवं सद्गुरू कबीर विचार मंच राजनांदगांव के संयुक्त तत्वाधान में युगदृष्टा संत शिरोमणि सद्गुरू कबीर साहेब की 626वीं प्राकट्य महोत्सव आज 18 जून मंगलवार को पंथ श्री हुजूर स्वामी मंगल साहेब प्राचीन कबीर मठ धाम नादिया, धर्माधिकारी संत सत्येन्द्र साहेब शास्त्री एवं मूर्धन्य विद्वान संत जनों की गरिमामय उपस्थिति में तारामती आश्रम में आयोजित है।

आयोजन समिति से जुड़े महेश साहू और रामस्वरूप देवांगन ने बताया कि, महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 10 बजे गुरू महिमा पाठ, भजन संकीर्तन से प्रारंभ होगा तत्पश्चात धर्म ध्वजारोहण एवं सत्संग प्रवचन के बाद प्रसाद वितरण से कार्यक्रम का समापन होगा। समस्त कबीर अनुनायियों को कबीर प्राकट्य महोत्सव में अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का पुण्य लाभ लेने की अपील कुंवर सिंग वर्मा, एस.डी.साव, प्रकाश साहू, मनोज मानकपुरी, पी.आर.साव, मेघू साहू, दुर्गा साहू सहित पदाधिकारियों ने प्रेस विज्ञप्ति ने दी है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-6-9
669-1 249-5
राजधानी
3-5-8
270-9 289-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# स्कूल चालू होने से पूर्व 52 स्कूल बसों की चेकिंग, चार बस पाये गये अनफिट

**राजनांदगांव (दावा)। शहर में नए शिक्षण सत्र के तहत स्कूल चालू होने के पूर्व यातायात पुलिस द्वारा 54 स्कूली बसों का चेकिंग किया गया जिसमें 4 बसे अनफिट पाई गई। इन बसों का 66 सौ रुपए चालान काटा गया।**

बताया जाता है कि अपर परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में परिवहन एवं यातायात विभाग के संयुक्त टीम द्वारा विद्यार्थियों के सुरक्षा हेतु जिला-राजनांदगांव के विभिन्न स्कूलों नीरज पब्लिक स्कूल बल्देव बाग, नीरज इंटरनेशनल स्कूल बोरी, संस्कार सिटी, रायल किड्स कॉन्वेंट, वेसलियन स्कूल, युगान्तर पब्लिक स्कूल, सेंट पैलोटी स्कूल डोगरगढ़ के 52 स्कूली बसों का जनरल चेकिंग किया गया, जिसमें 04 बसों में परमिट फर्स्ट एड बॉक्स, वैद्य लायसेंस खामी पाये जाने से कार्यवाही कर 6600.00 रूपये ऑनलाईन ई-चालान कार्यवाही किया गया। साथ ही उपरोक्त खामी पूर्ति कर पुनः वाहन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा बस चालकों को अग्निशमन उपयोग के संबंध में डेमो दिया गया। साथ ही मेडिकल टीम द्वारा सभी स्कूल बस चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया।



**66 सौ रुपए का काटा गया चालान**

# ट्रेफिक सिंगनल के कभी बंद कभी चालू रहने से बढ़ रहे हादसे

## रामदरबार चौक में हुआ हादसा...., प्रायः बंद पड़ा रहता है पोस्ट आफिस चौक का सिग्नल

**राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों यातायात विभाग की सजगता के चलते शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए ट्रेफिक सिंगनलों को चालू करा दिया गया। इसमें से कुछ सिंगनल तो चालू होने के दो-तीन दिन बाद फिर से बंद हो गए हैं। इसी तरह रामदरबार चौक के पास पुनः चालू किए गए ट्रेफिक सिग्नल के रात में बंद पड़ी होने की वजह से एक हादसा हो गया जिसके कारण एक तेज रफ्तार मोटर सायकल के सामने जा रही ट्रक से टकराने से मोटर सायकल सवार युवक की मौत हो गई।**

हादसा रात के 11 बजे के करीब की बताई जाती है। इसकी वजह रात में ट्रैफिक सिग्नल को बंद होना बताया जाता है। शहर के विभिन्न स्थानों में लगे इन यातायात संकेतकों के कभी बंद रहने कभी चालू रहने से ऐसा लगने लगा है कि राघव इन्टरप्राईज के सहयोग से चालै किए गए इन ट्रेफिक सिंगनलों में कम्पनी का प्रचार ज्यादा व यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के सिंगनल देने का काम बहुत कम नजर आ रहा है।

बता दे कि सप्ताह भर पहले गंज चौक स्थित ट्रेफिक सिंग्नल को चालू किया गया था। दो-तीन दिन ठीक चलने के बाद अचानक वह बंद हो गया। केवल पीली बत्ती ही जलती रही। लाल बत्ती व हरी बत्ती कि जलना पूरी तरह से बंद हो गया। इससे गंज चौक का यातायात पूरी तरह बेलगाम हो गया। ले-देकर सोमवार को उसे सुधारा गया। जिसके बाद उक्त ट्रेफिक सिंगनल फिर से काम करना शुरू कर दिया है।

### सिंगनल में खराबी

बता दे कि शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में लगे ट्रेफिक सिंगनल में प्रायः खराबी आते रहती है। जिसके कारण हर सप्ताह पंद्रह दिन में इसे बंद देखा जाता है। सुधार के पश्चात पुनः चालू कर दी जाती है। महावीर चौक का ट्रेफिक सिंगनल तो हर दो-चार-छह दिन में बीमार दिखता है और बंद पड़ी रहती है। सोमवार की शाम फिर से उसे बंद पड़ा देखा गया। इससे वहां पर की ट्रेफिक व्यवस्था पटरी पर से उतरी रही। बताते चले कि महावीर चौक में व्यस्त यातायात के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इससे कई लोगों की जाने जा चुकी है।

आखिर क्या कारण है कि शहर के विभिन्न चौक चौराहों में लगी यातायात संकेतक हर दो-चार दिन में बंद पड़ी मिलती है। पोस्ट आफिस चौक का ट्रेफिक सिग्नल तो बंद रहने के मामले में सबसे आगे है या यों कहा जाना चाहिए कि शहर में लगे सभी ट्रेफिक सिग्नलों का उसने बंद रहने का रिकार्ड ही तोड़ दिया है। नंदई चौक का ट्रेफिक सिंगनल जो अपने स्थापना काल से बंद पड़ा है तो वह चालू ही नहीं हुआ है।




दो दिन बंद रहा गंज चौक का ट्रैफिक सिंगनल...

### हादसों का खतरा

शहर में लगे इन ट्रेफिक सिंगनलों के हर दो-चार-छह दिनों में बंद पड़े रहने की वजह से हादसों का खतरा बना रहता है। या यह कहा जाना चाहिए कि इससे दुर्घटना को आमंत्रण मिलता है। राम दरबार चौक में घटी उक्त घटना ट्रेफिक सिग्नल बंद रहने के परिणाम है। हालांकि यह चौक अपने आप में कई हादसों को समेटे होने के कारण डेजर जोन में शुमार है। इसके बाद भी नेशनल हाइवे जैसे सड़क पर रात में सिग्नल का बंद होना दुर्घटना को आमंत्रित करने वाला है। डोंगरगांव निवासी दुर्गा प्रसाद देवांगन रायपुर से लौटते समय रात में ट्रेफिक सिग्नल बंद होने के कारण सामने जा रही ट्रक से टकरा गया और उसकी मौत हो गई। बहरहाल ट्रेफिक सिग्नलों को सदैव चालू रखने की दिशा में ध्यान देने की ज्यादा जरूरत है नहीं तो इस तरह के हादसे होते रहेंगे।

# भाजपा सरकार की नाकामियों व लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का आज धरना-प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामियों व लचर कानून व्यवस्था के चलते बलौदाबाजार के ग्राम महकोनी में जैतखाम के अपमान व तोड़फोड़ में संतोषप्रद कार्यवाही न होने के चलते सामाजिक संगठन द्वारा निकाली रैली के दौरान उग्र प्रदर्शन से कलेक्टोरेट व पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित परिसर में हुए आगजनी से सैकड़ों दो पहिया व चार पहिया वाहनों एवं शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंची है। जिसके चलते आम जनता एवं निर्दोषजन को भुगतने पर मजबूर होना पड़ रहा है।



प्रदेश की भाजपा सरकार के लचर कानून व्यवस्था के चलते छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश में आए दिन आगजनी एवं हिंसक घटनाएं आम हो रही है। जिसको लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के तत्वाधान में महावीर चौक (फ्लाई ओवर के नीचे) में 18 जून मंगलवार को सुबह 10 से दोपहर 01 बजे तक एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आंदोलन किया जा रहा है।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने समस्त कांग्रेसजनों से उक्त धरना-प्रदर्शन में उपस्थिति की अपील की है।

# मोती मस्जिद में अदब-ओ-एहतराम से ईदुल अजहा की नमाज अदा की गई

## सभी ने मांगी मुल्क में अमन-चैन की दुआएं- सैय्यद अली

## शहर की विभिन्न मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल अजहा पर अकीदत के साथ अदा की गई नमाज

**राजनांदगांव (दावा)। जिलेभर में सोमवार को ईद-उल-अजहा का त्यौहार अदब ओ एहतराम से मनाया गया। बारिश के आसार होने की वजह से ईदुल अजहा की नमाज मस्जिदों में अदा की गई। नमाज के बाद कुर्बानी की रस्म जारी हैं।**

शहर संस्कारधानी नगरी के नागरिकों ने मुस्लिम समाज से एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। मुस्लिम समुदाय की सड़कों पर पूरे दिन खासी चहल पहल रही। इसी तरह ईद की नमाज मोती मस्जिद तुलसीपुर में सोमवार सुबह अपने तय वक्त के मुताबिक़ मुकम्मल हुई।



मोती मस्जिद इन्तेजामिया कमेटी के सदर सैय्यद अली अहमद (गुड्डू) सरपरस्त हाजी अताउल्लाह साहब, मौलाना रफीक फैजी साहब सेक्रेटरी अहमद रजा अंसारी, सैय्यद अफजल अली व कमेटी मेंबर ने पुलिस प्रशासन का आभार जता कर मुबारकबाद के साथ शुक्रिया अदा किया। इसी तरह शहर की सभी मस्जिदों में जिला प्रशासन की देख रेख में ईद-उल-अजहा की नमाज मुक्कमल हुई मुस्लिम समुदाय ने नमाज अदा कर देश में अमन, चैन तथा आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मियों द्वारा शहर के शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु उक्त मौके पर सभी प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। नमाजियों को मोती मस्जिद के ईमाम जनाब अहमद रजा मिस्बाही ने नमाज अदा कराई। उन्होंने मुल्क और कौम की सलामती की दुआ की। इस दौरान सैय्यद अफजल अली ने कहा कि ईद-उल-अजहा हमें खुदा की राह में कुर्बानी का पैगाम देती है। मैदाने अराफात में हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने आज ही के दिन अपने बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम को खुदा की राह में कुर्बान करने की तैयारी की थी, वह उनका इम्तिहान था। इसीलिए ईदुल अजहा पर कुर्बानी करने का हुक्म है। मुस्लिम बच्चे धर्मगुरू और समाज के प्रबुद्ध लोगों ने शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाई ईद-उल अजहा।

# ट्रकों से अवैध वसूली करने वाला प्रधान आरक्षक निलंबित

दुर्ग (दावा)। एसीसी अडानी सीमेंट फैक्ट्री में कोयला परिवहन करने वाली ट्रकों से अवैध वसूली करने के आरोप में जामुल थाने में तैनात प्रधान आरक्षक एवं दुर्ग कोतवाली थाने में तैनात आरक्षक को अनुशासनहीनता के आरोप में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही मामले की जांच के आदेश भी दिए हैं।

बता दें कि जामुल थाने में तैनात प्रधान आरक्षक विजय सहू पर एसीसी अडानी सीमेंट फैक्ट्री में कोयला परिवहन करने वाली ट्रकों से अवैध वसूली करने के आरोप लगा था जिसके बाद पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए जांच के आदेश दिये है। जिसकी जांच कर जांच अधिकारी 07 दिवस के भीतर रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंपेंगे। इस संबंध में आदेश जारी किया गया है जिसमें लिखा है कि प्रधान आरक्षक, 264 विजय साहू, तैनाती थाना जामुल, जिला-दुर्ग के द्वारा थाना जामुल क्षेत्रांतर्गत एसीसी सीमेंट फैक्ट्री जामुल में कोयला ट्रांसपोर्ट किए जाने वाले ट्रकों को रोककर उनके चालकों से अवैध रूप से रूपये पैसो की मांग कर संदिग्ध आचरण प्रदर्शित किए जाने के कृत्य के लिए प्रधान आरक्षक, 264 विजय साहू को दिनांक 16.06.2024 के अपरान्ह से निलंबित कर रक्षित केन्द्र, दुर्ग सम्बद्ध किया जाता है। निलंबित प्रधान आरक्षक, 264 विजय साहू को निलंबन अवधि मे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इस मामले में छावनी सीसी हरीश पाटिल सात दिवस के भीतर मामले की जांच कर रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को पेश करेंगे।

# परसरामन राजपूत का अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक बास्केटबाल फेडरेशन में चयन



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य के बास्केटबाल खिलाड़ी और वर्तमान के (ए ग्रेड) निर्णायक उभरते रेफरी परसरामन राजपूत ने अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा अपना नाम दर्ज कर लिया है, 2024 से 2028 तक का टेस्ट पास कर लिया है जो की पिछले 14 वर्षों राष्ट्रीय निर्णायक करते आ रहे है जैसे कि सीनियर नेशनल, खेलो इंडिया, नेशनल गेम्स एवं ओलंपिक गेम्स में शामिल होकर निर्णायक की भूमिका निभाते आ रहे हैं और हमारे छत्तीसगढ़ राज्य का नाम ऊंचा किया है। इस अवसर पर बास्केटबॉल संघ के सारे पदाधिकारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# छग में धीमा हुआ मानसून, रायपुर में दो दिन और इंतजार, बस्तर में आज बारिश का अलर्ट

रायपुर। मानसून को लेकर छत्तीसगढ़ के लिए मौसम विभाग द्वारा किए गए सभी दावे धराशायी होते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिस तरीके से केरल में एक दिन पहले मानसून ने दस्तक दी थी और जिस गति से यह आगे बढ़ रहा था, उस हिसाब से अब तक मानूसन को रायपुर से आगे निकल जाना चाहिए था, लेकिन अब भी मानसून सुकमा और बीजापुर में ही अटका हुआ है।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के अनुसार सोमवार को प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं, जबकि दक्षिणी छत्तीसगढ़ में अच्छी वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं रायपुर को अब भी दो से तीन दिन का और इंतजार करना पड़ेगा। इसके बाद ही मानसून की सक्रिय स्थिति की घोषणा कर पाना मौसम विभाग के लिए संभव होगा।

सोमवार को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं, जबकि एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने के भी संकेत हैं। रविवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा देखने को मिली, जिसमें तोकापाल और अंबिकापुर में दो सेमी, कोटा, अकलतरा, बिल्हा, बिलासपुर, पथरिया, भाटापारा, पोड़ी-उपरोड़ा व तखतपुर में एक सेमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं राजधानी में मौसम मेघमय रहा और बादलों की आंख मिचौली जारी रही।नप्रदेश में सर्वाधिक तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस पेंड्रा रोड में, जबकि न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस नारायणपुर में दर्ज किया गया।

### तीन दिनों में तीन डिग्री तक गिरेगा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार 17 जून से मानसून की गतिविधियां बढ़ने की संभावनाएं बन रही हैं, जिसकी वजह से अगले दो से तीन दिनों में मध्य व दक्षिणी छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट होने के संकेत दिखाई दे रहे हैं। वहीं राजधानी में सोमवार को आकाश आंशिक मेघमय रहने के आसार हैं और गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने की भी संभावनाएं बन रही हैं। साथ अधिकतम तापमान 40 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने के संकेत हैं।

### मानसून अंबिकापुर समय से पहुंचने के आसार

आदर्श स्थिति में मानसून के जगदलपुर पहुंचने की स्थिति 11 जून रहती है, जबकि पहले से ही मानसून तीन से चार दिन विलंब हो चुका है। वहीं, रायपुर की आदर्श स्थिति 16 जून की है, जहां विलंब होना तय माना जा रहा है। इसी बीच अंबिकापुर में इसके समय से पहुंचने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। इसके पीछे तर्क है कि मानसून अन्य राज्यों यानी कि महाराष्ट्र, ओडिशा में अच्छी गति से आगे बढ़ रहा है, जबकि छत्तीसगढ़ में यह विलंब से ही चल रहा है।

### यह बन रहा सिस्टम

दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, अमरावती, चंद्रपुर, बीजापुर, सुकमा, मलकानगिरी, विजयनगरम और इस्लामपुर है। मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है, अगले चार-पांच दिनों में प्रदेश और हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के पहुंचने की संभावना है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका बिहार से मेघालय तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 17 जून को कुछ स्थानों पर (25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत स्थानों पर) स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं 18 जून से दक्षिण छग के कुछ और भाग में मानसून सक्रिय होने की संभावना है।

# बलौदाबाजार शहर में 20 जून तक लागू रहेगी धारा 144, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

रायपुर। बलौदाबाजार शहर में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शासन-प्रशासन सक्रिय है। कलेक्टर ने 10 जून से लागू धारा 144 को बढ़ा दिया है। अब यह 20 जून की मध्य रात्रि तक के लिए ब?ा दिया गया है। इस दौरान बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक रैली या कोई जुलूस पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में 10 जून 2024 को हुई घटना के परिप्रेक्ष्य में नगर पालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के तहत धारा 144, 10 जून की रात 9 बजे से 16 जून की मध्य रात्रि 12 बजे तक लागू किया गया था। नगर पालिका सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एवं (2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए धारा 144 की अवधि बढ़ाने का आदेश जारी किया गया है।

### जानें क्या रहेगा प्रतिबंधित

इसके तहत नगर पालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक रैली या जुलूस पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। अन्य जिले अथवा बाहरी व्यक्तियों का पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के समूह का नगर पालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति न तो किसी प्रकार का शस्त्र तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छुरा, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशुल, खुकरी, सांग एवं बल्लम अथवा अन्य अस्त्र-शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा। अपवाद स्वरूप जो व्यक्ति शासकीय कर्तव्य पर हैं, वे ड्यूटी के दौरान अस्त्र-शस्त्र धारण कर सकेंगे। ऐसे वृद्ध एवं दिव्यांग जो लाठी के बिना चलने में असमर्थ हैं, वे लाठी का प्रयोग कर सकेंगे।

# आई.ए.एस. अफसरों एवं राज्य के कर्मचारियों को समान रूप से बढ़े हुए डी.ए. का लाभ मिले - प्रकाश शर्मा

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के आईएएस अफसरों का बढ़ा डी.ए. और राज्य के शासकीय सेवक रह गये वंचित राजनांदगॉव जिले के संघर्षशील कर्मचारी नेता एवं पेंशनर समाज के सदस्य प्रकाश शर्मा ने आरोप लगाया है कि भाजपा शासन में आईएएस अफसरशाही हावी होने लगी है। यही आईएएस लॉबी पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में भी राज्य के शासकीय सेवकों को वंचित रखते हुए अपना डी.ए. (महंगाई भत्ता) दो बार बढ़वा चुकी है, जबकि तब राज्य शासन के शासकीय अधिकरियों कर्मचारियों का डी.ए. बढ़ाने की जायज मांग पर भी इनके द्वारा शासन को बजट का अभाव, अतिरिक्त वित्तीय भार, राज्य शासन के नाजुक आर्थिक हालात, तो कभी केन्द्र सरकार से लिया गया ऋण एवं अदायगी आदि का बहाना बनाकर राज्य शासन के शासकीय सेवकों को बढ़े हुए डी.ए. से वंचित रखते आये हैं। पेंशनर प्रकाश शर्मा ने तंज कसते हुए मांग की है कि ऐसे आईएएस अफसरों का नाम बीपीएल सूची में शामिल किया जाए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इनको आवास भी दिया जाए, क्योंकि बाकी जितने भी राज्य शासन के अधिकारी कर्मचारी हैं, यह सभी अमीर लोग हैं, सिर्फ आईएएस अफसर जो हैं, यही लोग गरीब हैं।



अभी इन गरीब आईएएस अधिकारियों ने भाजपा सरकार के प्रदेश में सत्तासीन होने के बाद जनवरी 2024 से अपना महंगाई भत्ता बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर लिया हैं, शेष पूरे प्रदेश के छत्तीसगढ़ शासन के अधिकारी कर्मचारी को 8 महीने के बाद जब यही आईएएस अधिकारी डी.ए. बढ़ाने का आदेश करेंगे, तब इनकी मर्जी से राज्य के शासकीय सेवकों को बढ़ा हुआ डी.ए. प्राप्त होगा। श्री शर्मा ने आरोप लगाया है कि राज्य के आईएएस अधिकारियों की ऐसी भेदभावपूर्ण एवं स्वार्थपरक कार्यशैली पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन के पतन का कारण बनी है, जो वर्तमान भाजपा शासन में भी बदली नहीं है। उन्होंने शासकीय सेवकों के हित में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनके कैबिनेट मंत्रिमंडल से यह आग्रह किया है कि भारत के संविधान में अंतर्निहित प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए न्यायसाम्यता, निष्पक्षता एवं तर्कसंगत आधार पर विचार करते हुए राज्य शासन आई.ए.एस. अफसरों एवं राज्य सेवा के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को समान रूप से बढ़े हुए डी.ए. से लाभान्वित करें।

कर्मचारी नेता एवं पेंशनर प्रतिनिधि प्रकाश शर्मा ने शासन प्रशासन को आगाह किया है कि आई.ए.एस. कैडर को डी.ए. का लाभ देकर राज्य शासन के अंतर्गत नियोजित शासकीय सेवकों को वंचित रखने से उनमें शासन के प्रति रोष, आक्रोश एवं असंतुष्टी की भावना पनपने लगी है और वो खुद को अन्याय, भेदभाव एवं सौतेले व्यवहार से पीड़ित समझने लगे हैं।

# छत्तीसगढ़ व्यापमं 23 जून को लेगा पीपीटी एंट्रेस एग्जाम

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश हेतु पी.पी.टी. परीक्षा का आयोजन राज्य के 32 जिला मुख्यालयों में 23 जून 2024 को सवेरे 9:00 से 12:15 बजे तक किया जावेगा।

अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल में जाकर प्रवेश पत्र दिनांक 17 जून 2024 से डाउनलोड कर सकते है। इसके अलावा अभ्यर्थी प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट एवं चिप्स की वेबसाइट पर उपलब्ध लिकों में से किसी भी एक लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज पर जा सकते हैं एवं वहां से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से एक संक्षिप्त यू.आर.एल. भी भेजा जावेगा। अभ्यर्थी इस यू.आर.एल. को क्लिक कर अपने मोबाइल पर सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं।




छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट अवश्य निकालें। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केंद्र में जावें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। यह उचित होगा कि. परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभाँति परिचित हो जावें। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी. प्रुफ जैसे मतदाता पहचान पत्र/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड /पासपोर्ट/विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र/फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

# प्रसिद्ध ठेकेदार संतोष अग्रवाल का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय जयस्तंभ चौक निवासी प्रसिद्ध ठेकेदार संतोष अग्रवाल पिता द्वारका प्रसाद अग्रवाल का आज देर शाम निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। धर्मनिष्ठ श्री अग्रवाल अपने पीछे एक पुत्र महेश अग्रवाल एवं एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा आज 18 जून मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे उनके निवास स्थान से छीरपानी स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

## अनमोल दावा

**“ सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएँ आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती है!**

## सम्पादकीय

### भारत आज सोने के भंडार में विश्व के टाप 10 देशों में है, जिसका श्रेय भू.पू. पीएम डॉ. मनमोहन सिंह को जाता है

रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने बैंक आफ इंग्लैण्ड में रखा एक लाख किलो सोना याने एक टन सोना भारत ने वापस मांग लिया। जिसकी प्रतिक्रिया स्वाभाविक रूप से उत्तेजित करने वाली रही। जब भारत के प्रधानमंत्री चंद्रशेखर थे तब उन्होंने 1991 में भारत का सोना इंग्लैण्ड में गिरवी रखा था। इस बात को आधार बनाकर सोश्यल मीडिया में नरेन्द्र मोदी की यशगाथा में यह घटना जुड़ गई। मैसेज बड़ा वायरल होने लगा। वास्तव में यह सोना भारत का ही है और बैंक ऑफ इंग्लैण्ड में गिरवी नहीं रखा गया था। किंतु केवल विशाल मात्रा के सोने को संभाल कर सुरक्षित रखने इंग्लैण्ड की बैंक के लाकर में रखा गया था। अब लाकर से सोना इसलिए मांग लिया गया कि लाकर का बढ़ा किराया फिजूल लगा। अभी और 100 टन सोना भारत का बैंक आफ इंग्लैण्ड में रखा है। उसे भी शीघ्र मांग लिया जाएगा।

भारत में नागपुर और मुंबई के मिन्ट रोड स्थित रिजर्व बैंक आफ इंडिया की ब्रांच में सोना का स्टॉक रखा जाता है। अब इस 100 टन सोने को भी वहां रखा जाएगा। यह स्पष्ट हो जाने के बाद मोदी की यशगाथा कहने वाले चूप हो गए हैं। मीडिया ने भी पलटी मार दी है। अब केवल भारत ने सोना क्यों वापास मंगवाया? इसकी चर्चा शुरू हो गई है। सोने के भंडार रखने का निर्णय संवेदनशील होता है। इस पर से एक प्रश्न उठता है कि भारत ने किन कारणों से सोना वापस मंगा लिया? माना जाता है कि देश के सोने का भंडार विदेश में और भारत में याने दोनो ही स्थानों में बराबर रहे, इसके लिये इस तरह का निर्णय लिया जाता हैं।

रिजर्व बैंक के पास वर्तमान में कुल 822 टन सोना है। जिसमें से 413 टन सोना विदेशों में बैंक आफ इंग्लैण्ड सहित की अन्य बैंको में सुरक्षित रखा है। अब जब 100 टन सोना आर बी आई के पास वापस आ गया है तब वहां 509 टन सोना हो गया है। भारत सतत रूप से सोना खरीदते रहता है। जिससे सोने 50त्र का भंडार बढ़ते जाता है ।

देश का सोना वापस लेने का निर्णय रिजर्व बैंक आफ इंडिया का है। किंतु इसको राजनैतिक ढंग देने वाले अशिक्षित और अबूध है। ऐसे लोगों को इतिहास पर नजर डालना होगी। डा. मनमोहन सिंह को बदनाम करने के लिए आधारहीन गप्पें सदृश्य बात करने वालों को जानकारी नहीं है कि भारत आज सोना का भंडार रखने वाले देशों की टाप टेन की सूची में शामिल है। जिसका शत प्रतिशत श्रेय और यश पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को जाता है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के कार्यकाल में भारत की आर्थिक स्थिति इस हद तक कमजोर हो गई थी कि रिजर्व बैंक में सालों से पड़े हुए देश के सोने को गिरवी रखने का समय आ गया था। सरकार की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इन्टर नेशनल मानेटरी फण्ड (आई.एम.एफ.) की मदद मांगी गई थी । आई. एम. एफ. ने भारत को 71. 50 करोड़ डालर दिए किन्तु वह भी पर्याप्त नहीं थे। इस कारण अन्य देशो के सेन्ट्रल बैंको के पास से धनराशि उधार लेने का निर्णय लिया गया था। उसी समय सद्दाम हुसैन ने कुवैत पर आक्रमण किया फलस्वरूप क्रूड की किमतो में वृद्धि हो गई और सभी देश चिंताग्रस्त हो गये थे। इस कारण भारत को अपेक्षत मदद नहीं मिली थी। उस समय देश का सोना बेचने का निर्णय लिया गया किन्तु इसका उग्र विरोध होने के कारण तस्करो के पास से जप्त किया सोना गिरवी रखने का निर्णय लिया गया था। मार्च 1991 में तस्करी का सोना गिरवी रख कर सरकार ने अपनी तिजोरी भरी थी। इसी दौरान कांग्रेस ने अपना समर्थन वापस ले लिया और चन्द्रशेखर की सरकार गिर गई थी। जिससे चन्द्रशेखर सरकार की साख नीचे आई और पैसों की मदद - मिलनी बंद हो गई। इस कारण उससे विवश होकर मई 1991 में स्विटजरलैण्ड की युएसबी बैंक में केवल 20 टन सोना गिरवी रख 20 करोड़ डालर का ऋण किया था।

जून 1911 में नरसिंहाराव की सरकार के नेतृत्व में नई सरकार रचने से विरासत में मिली खराब आर्थिक स्थिति के मद्देनजर तत्कालीन वित्त मंत्री डा. मनमोहन सिंह के पास भी एक ही विकल्प था कि सोना गिरवी रख कर धनराशि की व्यवस्था की जाए। सरकार के आदेश से जुलाई 1991 में बैंक आफ इंग्लैण्ड और बैंक आफ जापान में कुल 46.91 टन सोना गिरवी रखकर 40 करोड़ डालर रूपये का त्रृण लिया गया था।

डा. मनमोहन सिंह वित्तमंत्री के रूप में इतने काबिल थे कि उनका प्रमाण यह है कि 40 करोड़ डालर का ऋण चुकाकर बैंक आफ इंग्लैण्ड और जापान में गिरवी रखा सोना छुड़ा लिया था और उनकी आर्थिक उदारीकरण की नीति एक सीमा चिन्ह साबित हुई थी, जिस नीति पर वर्तमान सरकार ने भी काम किया।

# भारतीय राजनीति अस्थिरता अंतिम दौर में

**राकेश श्रीवास्तव**

वर्तमान चुनाव परिणामों से तथा मतदान में जनता की हिस्सेदारी के प्रतिशत से ऐसा संकेत मिलता है कि भारतीय राजनीति अस्थिरता के अंतिम दौर में प्रवेश कर चुकी है जिसका उदाहरण किसी एक दल को अपनी बदौलत बहुमत नहीं मिलना है।

सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा को भी अपने सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसा दौर और कितना लंबा चलेगा, कोई भविष्यवाणी फिलहाल संभव नहीं। परंतु यह निश्चित है कि यह सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि जनमानस इस अस्थिरता को समाप्त करने में किस हद तक सार्थक एवं कारगर भूमिका अदा करता है। वर्तमान चुनाव में मतदाताओं द्वारा ली गई हिस्सेदारी पूर्व में हुए अन्य चुनावों की अपेक्षा कम रही है, तथा चुनाव परिणामों से भी जनता ने अपने परिवर्तन के भूख को बनाए रखने का संकेत सा दिया है।

वैसे परिवर्तन की भूख भारतीय जनमानस में आजादी के बीस वर्ष बाद 1967 से ही प्रारंभ हो चुकी थी। गैर- कांग्रेसी सरकारों का गठन हुआ परंतु राजनीतिक दिशाविहीनता से परिवर्तन को सार्थक एवं गुणात्मक बदलाव में तब्दील नहीं जा सका। कारण था कि गैर-कांग्रेसी सरकारों का नेतृत्व निजी महत्त्वाकांक्षाओं को पूरा करने कांग्रेस छोड़ के आए लोगों के हाथ में होना। यहीं से प्रतिक्रियावादी ताकतों का उभार भारतीय राजनीति में हुआ जिसके चलते 1977 की लघु क्रांति छोड़ कर गैर- कांग्रेसवाद के पाये पर राजनीतिक दलों द्वारा अब तक अपने को टिकाए रखना है। गैर-कांग्रेसवाद वोटों का समीकरण बैठाने का एक नारा जैसा बन गया है, जिसके माध्यम से जल्दी से जल्दी ताकत बटोरने हेतु भारतीय राजनीति को जातीयता की संकीर्णता में लाकर खड़ा कर दिया गया है और जातीय समीकरण के चलते हिंसा राजनीति का हथियार बन गया। जैसे आज राजनीतिक दलों द्वारा भिन्न भिन्न नामों से हिंसक सेना (हिन्दू वाहिनी, आदम सेना, बजरंग दल तथा अन्य क्षेत्रीय सेनाएं) तैयार करना।



इस प्रवृत्ति को विनाथ प्रताप सिंह ने सामाजिक न्याय का नारा देकर जाने-अनजाने और मजबूत किया। मंडल के मुद्दों को लेकर वीपी सिंह राष्ट्रीय मोर्चे के सबसे बड़े घटक के रूप में ऐसे चक्रव्यूह में फंस गए थे जहां पिछड़ों, हरिजनों व मुसलमानों को न्याय दिलाने के नाम पर समाज को छोटे-छोटे दायरों में बांटने का प्रयास किया गया। ऊंची जातियों से प्रतिस्पर्धा में पिछड़े, हरिजन और मुसलमान समुदाय का चुनावी समीकरण बनाने की सामाजिक न्याय के नाम पर कोशिश की जाने लगी है। चुनावी समीकरणों को राजनीतिक दल विचारधारा के रूप में जनता के सामने पेश करते चले आ रहे हैं, जिसकी शुरुआत कांग्रेस पार्टी में निजी महत्त्वाकांक्षाओं को संजोए लोगों द्वारा शुरू की गई थी। यही कांग्रेस संस्कृति है जो आजादी के बाद से भारतीय समाज को अस्थिर और हिंसक बनाए हुए है। कांग्रेस पार्टी के पास एक ही नारा है कि स्थिर सरकार मात्र वह ही दे सकती है, जबकि जनता 1967 से ही लगातार इस नारे के विरोध में मत देती रही है। 1991 के चुनाव में किसी को सरकार बनाने योग्य बहुमत न देना।

1998 में भी जनता ने देश को स्थिर सरकार नहीं दी। और वह स्पष्ट जनादेश न मिलने के कारण वह सरकार केवल तेरह महीने की चल पाई। 1999 में भी जनादेश गठबंधन (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार का मिला। इसी प्रकार 2004 में भी किसी एक पार्टी को बहुमत नहीं मिला। लेकिन इस बार वामपंथी राजनीतिक दलों के समर्थन से यूपीए ने सरकार बनाई और इसने 2014 तक दो कार्यकालों के लिए भारत पर शासन किया।) 2014 के नतीजे जरूर अलग रहे। जनता ने स्थिर सरकार के लिए जनादेश दिया। जो भाजपा की अगुवाई में एनडीए के रूप में अगले दो कार्यकाल 2024 तक चली। 2024 में अचानक मोदी के इर्द-गिर्द बनी अजेय छवि खत्म हो गई। मतदाताओं ने यथास्थिति को लेकर असंतोष दिखाया। अब इस नई सरकार को सत्ता में आने के बाद पहली बार गठबंधन के पुराने सहयोगियों पर निर्भर रहना होगा।

दूसरी तरफ इस जनादेश से कांग्रेस नीत विपक्ष को भी नई ऊर्जा मिलेगी। इससे यह स्पष्ट होता है कि जनता का राजनीतिक दलों पर से विश्वास उठ गया है और उनके हर चुनावी नारे के विपरीत मतदान करती चली आ रही है। और अपनी परिवर्तन की भूख को बनाए हुए है। असल में आजादी के 77 साल बाद (इस अवस्था में आदमी पूर्ण वृद्धावस्था में हो जाता है) भी राजनीतिक प्रक्रिया का विकास नहीं हो पाया। किसी भी दल का अखिल भारतीय स्वरूप अब नहीं रहा। दल के स्थान पर नेताओं के गिरोह बन गए। जिसके कारण वैचारिक और सैद्धांतिक प्रतिबद्धता समाप्त हो गई है और उसका स्थान निजी महत्वाकांक्षाओं ने ले लिया है। (अभी तक हमारी कोई सर्वमान्य शिक्षा नीति नहीं बन पाई, जो व्यक्ति के विकास का प्रथम चरण होता है।)

# अग्निवीरों के बेहतर भविष्य की बुनियाद हो

अग्निपथ योजना सशस्त्र बलों की तीन सेवाओं में सैनिकों की भर्ती के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई योजना है, जिसकी घोषणा जून 2022 में की गई। योजना के तहत भर्ती जवानों को अग्निवीर कहा जाता है। सरकार ने अब इस योजना की समीक्षा का कार्य दस अलग-अलग मंत्रालयों के सचिवों को सौंपा है। वे इस भर्ती को अधिक आकषर्क बनाने के सुझाव भी देंगे। इसकी कमियों को दूर भी किया जा सकता है। यह भर्ती चार साल के लिए होती है, जिसमें नियमित वेतन के अतिरिक्त चार साल पूरे होने के बाद अग्निवीरों को लगभग बारह लाख रुपए मिलते हैं। निश्चित संख्या में तकरीबन पच्चीस फीसद अग्निवीरों को स्थायी सेवा का अवसर भी मिलता है।

माना जा रहा है कि अग्निवीर योजना के अंतर्गत वेतन भत्तों में बढ़ोतरी व अन्य लाभ का प्रस्ताव दिया जा सकता है। चूंकि यह योजना सरकार के प्रथम सौ दिन के एजेंडे में शामिल है इसलिए अधिकारी अपनी विस्तृत प्रस्तुति जल्दी ही प्रधानमंत्री कार्यालय को देंगे। आम चुनाव के दौरान इस योजना को विपक्ष द्वारा लगातार निशाने पर रखा गया था। वे अग्निवीर योजना को युवाओं के भविष्य के प्रति खिलवाड़ की तरह पेश कर रहे थे।

साथ ही सत्ता में आने पर इसे समाप्त करने की भी बात की जा रही थी। यह मोदी सरकार की रोजगार योजना का अभिन्न हिस्सा है। हालांकि विशेषज्ञों व पूर्व सैनिकों की दलील है कि मात्र छह माह के प्रशिक्षण से सैनिक नहीं तैयार होता। दूसरे, पूर्व-अग्निवीरों को अर्ध-सैनिक बलों या पुलिस बलों जैसी सेवाओं में शामिल न किए जाने को लेकर सरकार की बहुत आलोचना हो रही है। इतना ही नहीं बल्कि इसे मायावी रोजगार कहा जा रहा है।

इन्हें देश के सशस्त्र बलों में सेवा के लिए अयोग्य भी घोषित किए जाने को लेकर विवाद है। सेवा की इस अल्प अवधि यानी चार साल बाद ये युवा पुनः बेरोजगारों की श्रेणी में आ जाएंगे। ऐसे में इन्हें अप्रशिक्षित कामगारों के तौर पर काम के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। बाइस साल उम्र में जब ये युवा सेवा से बाहर होंगे तो नए सिरे से इन्हें काम की तलाश में भटकना पड़ सकता है। लाजमी है, सरकार ने इसी तरह की समस्याओं को सुलझाने के लिए समीक्षा व सुझाव की कोशिश की है। उम्मीद की जानी चाहिए, इसमें अग्निवीरों के बेहतर भविष्य की बुनियाद रखी जा सके।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 179 मंथरा ने श्री राम के द्वारा भरत जी के जीवन पर संकट का वृथा डर दिखाया

**- डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



संकटों के मेघ का अर्थ है कि राम राजा बनेंगे और महारानी कौशल्या की प्रतिष्ठा और बढ़ जाएगी। इसके बाद आपकी स्थिति उनकी आज्ञाओं का पालन करने वाली बनकर रह जाएगी। आपकी स्थिति जो रहेगी, वो रहेगी लेकिन आपके लाड़ले भरत के साथ क्या होगा, इसका भी आप अनुमान नहीं लगा पा रही हैं। मंथरा ने फिर अपनी कुटिल बुद्धि से एक और पासा फेंका।

मां सब कुछ सहन कर सकती है, लेकिन अपने बच्चे को होने वाली जरा सी भी चोट के अनुमान से ही वह सिहर उठती है। रानी कैकेई भी इससे अलग नहीं हो सकती हैं। भरत के उल्लेख मात्र से कैकेई की आंखों में बिजली सी कौंध गई और वे एक क्षण के लिए स्तब्ध हो गईं। दुष्ट मंथरा ने रानी के मन के भाव पढ़ लिए और उसे लगा कि उसने रानी के ठीक मर्म स्थल पर प्रहार किया है। अतः अब उसने आगे का तर्क रखा।

भरत के साथ क्या होगा,ऐसा तुम क्यों कह रही हो मंथरा? चिंतित कैकेई ने पूछा।

राम राजा बनते हैं तो भरत उनके सेवक बनकर रह जाएंगे। मुझे तो भरत की सुरक्षा को लेकर भी चिंता है कि कहीं राम अयोध्या में दूसरा शक्ति केंद्र बनने से रोकने के लिए भरत के प्राणों पर ही कोई संकट उपस्थित न कर दें। मंथरा ने समझाया।

मूर्खा ! यह बात रखने का साहस कैसे किया तुमने? क्या तुम्हें ज्ञात नहीं है कि मैं राम को भरत से अधिक प्रेम करती हूं और राम भी मुझे अपनी माता से अधिक प्रेम करता है।

ओहो रानी ! यह सब कहने की बातें हैं।क्या आपने कभी कारण जानने का प्रयास किया है कि राम का आपके प्रति इतना अधिक प्रेम प्रदर्शन क्यों है?

नहीं।...

वह इसलिए कि इस अयोध्या में राजा दशरथ के बाद अगर कोई उनका स्थान ले सकता है.... मैं पुनः कहती हूं रानी, ध्यान से सुनो... अगर इस अयोध्या में राजा दशरथ के बाद कोई उनका स्थान ले सकता है तो वह राम या भरत नहीं बल्कि आप हैं... आप रानी कैकेई... आप अयोध्या के राज सिंहासन की सच्ची उत्तराधिकारिणी हैं.... मंथरा ने कहा।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



## कविता

### ठिकाने लगाओ

दस लोगों ने मिलकर एक कारखाना खोला,
सबसे चालक खुद को मुखिया बोला,
लोकतांत्रिक था सारा नियम,
इस बात का था सभी नौ को वहम,
प्रमुख थीम था समाज उन्नति,
समाज को लूट
करने लगा मुखिया खुद प्रगति,
प्रमुख ने पाला था फैक्टरी में एक चमचा,
बाकी समझ नहीं पाते कि
वह तो है खुरचन निकालने वाला तमंचा,
खैर बिजनेस चल निकला,
तब फिर मुखिया का मन मचला,
उन्हें चाहिए था ज्यादा पॉवर,
खुद बनना चाहता था सबसे ऊंचा टॉवर,
फैक्ट्री को अपने अनुसार ढालना शुरू किया,
बोलने वालों को निकालना शुरू किया,
ठिकाने लगाने का ये क्रम जारी है,
जेब कटा समाज भी उनका आभारी हैं,
देश के हर जगह हर कोने में
देखने को मिलेगा यह खेल,
शिक्षा के व्यापारियों पर क्या कभी
लग पायेगा किसी का कोई नकेल।

– राजेन्द्र लाहिरी पामगढ़

## शब्द सामर्थ्य - 091

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 090 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सु | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तीं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू- दोकू क्र.091

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.090 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया बिजनेस शुरू करने के लिए उत्सुक रहेंगे। आज आपके पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, दिन शानदार रहेगा। मार्केटिंग कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा। आज आपका रुका हुआ प्रोजेक्ट पूरा हो सकता है।

**वृषभ** — आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में उत्साह का माहौल बना रहेगा। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। ड्राईफ्रूट्स का कारोबार कर रहे लोगों की इनकम में वृद्धि होगी, दिन लाभदायक रहने वाला है। शिक्षकों का ट्रान्सफर उनकी मनपसंद जगह पर होने के आसार हैं।

**मिथुन** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कॉस्मेटिक, कारोबारियों के प्रोडक्ट की आज अच्छी सेल होगी। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने जायेंगे। आज बड़ों की सलाह कार्य क्षेत्र में आपका मार्ग दर्शन करेगी। आज आपको तला-भुना हुआ खाने से बचना चाहिए। फिजूल खर्चों पर रोंक लगाने की अवश्यकता है।

**कर्क** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप किसी बड़े प्रोडक्ट की फेंचाइजी लेने का मन बना सकते हैं। आज कला के क्षेत्र में आपकी रूचि बढ़ेगी। आप कुछ क्रिएटिव करने की कोशिश करेंगे। आज दिल की बजाए दिमाग से कोई भी निर्णय लें तो बेहतर होगा।

**सिंह** — आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका काम में मन लगा रहेगा, दिन आपके फेवर में रहेगा। आज आपको दामपत्य जीवन में कोई खुशखबरी मिलेगी। आज कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थय फिट रहेगा। छात्रों के लिए समय अनुकूल है सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

**कन्या** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी दोस्त की मदद से आपको अच्छी जॉब मिलेगी, इससे आपकी दोस्ती और मजबूत बनेगी। ग्रोसरी का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा। आज विद्यार्थी अपने प्रैक्टिकल को किसी सहयोगी की मदद से पूरा कर लेंगे। आज आप दूसरों की हर संभव मदद करेंगे।

**तुला** — आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। घर परिवार का माहौल शांतिपूर्ण रहेगा। ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोगों की अच्छी इनकम होगी। आज किसी कार्य को करने में परिवार वालों का हर संभव मदद मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप घर की जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से समझने में सफल होंगे। इलेक्ट्रीशियन का काम कर रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा इनकम होगी। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान दें, आज वर्क लोड ज्यादा हो सकता है।

**धनु** — आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज ऑफिस में सीनियर्स आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। नवविवाहित दंपत्ति को अपने बुजुर्गो का आशीर्वाद मिलेगा, आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। शिक्षक आज विद्यार्थियों को किसी टॉपिक को अच्छे से समझाने में सफल रहेंगे।

**मकर** — आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढाने की नयी योजना बनायेंगे। व्यक्तिगत कामों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी । आज आप किसी जरुरतमंद की मदद करेंगे। माताएं अपने बच्चों को खुश करने के लिए उनकी मनपसंद डिश बना सकती हैं।

**कुंभ** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के कम्प्यूटर इंजीनीयर्स का दिन बढ़िया रहेगा, किसी नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर सकते हैं। यानि लकड़ी का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। लोन के लिए किया आवेदन आज स्वीकृत हो जायेगा।

**मीन** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जा सकते हैं, ये ट्रिप आपके लिए मनोरंजन से भरपूर रहने वाली है। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। अगर आप वाहन खरीदना चाहते हैं, उनके लिए दिन बेहतरीन रहेगा। आज आप सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताएंगे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संकल्प के साथ हुआ धम्म क्लास का समापन

## छात्रों के पेरेंट्स ने भी की सराहना, भावुक हुए छात्र, कहा धम्म क्लास बंद न करें

राजनांदगांव (दावा)। बौद्ध कल्याण समिति द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन अवकाश में समाज के युवाओं और बच्चों को बौद्ध राजाओं के गौरवशाली इतिहास और भगवान बुद्ध के धम्म की शिक्षा 05 मई प्रारंभ हुई। 09 जून को छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ।



बौद्ध कल्याण समिति (बौद्ध समाज) के सहसचिव विनोद श्रीरंगे ने बताया कि समाज द्वारा विगत एक महीनों से समाज के बच्चों के द्वारा धम्म के शिक्षा लिया जा रहा था जिसका विधिवत समापन विगत दिवस संपन्न हुआ। बौद्ध कल्याण समिति (बौद्ध समाज) के सहसचिव एवं समाज के

### छात्र और माता-पिता भी हुये सम्मानित

प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने बताया कि कार्यक्रम में अविशा डहाटे और कशिश टेम्बुरकर ने मंच संचालन किया। नुपुर बोरकर, पाखी गढपायले, अनन्या मेश्राम, मानवी रंगारी, डिम्पी टेम्बुरकर, प्राची गढपायले, अभिनय कठाने, सौरभ रंगारी, जिज्ञासा कठाने, मौली साहू, हर्ष मेश्राम, पलक रामटेके, जय मेश्राम, शशांक मेश्राम, अनन्या मेश्राम, चिन्मयानंद टेम्बुरकर, तष्य कुभलवार ने डांस की प्रस्तुति दी।

अभ्युदय बोरकर, कशिश टेम्बुरकर, प्रशांत टेम्बुरकर, चिराग डोगरे ने भाषण प्रस्तुत किया। छात्रों ने क्रांति फू ले, धम्म प्रशिक्षक और प्रभारी प्रवीण नोन्हारे, मनीषा भिमटे, सुनीता शेडें, सुप्रिया खोब्रागढे, विजय रंगारी, नीलेश रामटेके एवं विनोद श्रीरंगे का सम्मान किया। विनोद श्रीरंगे ने बताया समाज के बच्चों उत्साह को देखते हुए प्रति वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय धम्म क्लास का आयोजन किया जायेगा। धम्म क्लास के समापन के अवसर पर समाज के सभी वरिष्ठ, सभी युवा साथी, महिलाएं आदि की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह जानकारी समाज के सहसचिव एवं प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे के द्वारा दी गई।

# अज्ञात व्यक्ति ने गरीब की होटल में लगाई आग



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विकासखण्ड अम्बागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत आड़ेझर के आश्रित ग्राम घावड़ेटोला निवासी श्रीमती धंवनतीं पति तोरण गुरुपंच ग्राम घावड़ेटोला में चाय नाश्ता की छोटी सी झोपड़ी बना कर अपना व अपने परिवार का जीवन यापन कर रही थी, जिसे बीती रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाकर खाक कर दिया गया।

पीड़िता के परिवार ने अम्बागढ़ चौकी थाना में उक्त घटना की शिकायत दर्ज कराई है। उक्त शिकायत पर पुलिस ने जांच करने की बात कही है, किंतु समाचार लिखे जाने तक पुलिस के द्वारा घटना स्थल का मुवायना भी नही किया गया है। पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगाई है।

# सांसद भोजराज नाग का बालोद में स्वागत

बालोद (दावा)। सांसद बनने के बाद पहली बार भोजराज नाग जी का बालोद आगमन हुआ जहां भाजपा के नेताओऔर कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ उनका स्वागत अभिनंदन किया साथ ही पूरे नगर में आभार रैली निकाली गई। इस इस कार्यक्रम में गुण्डरदेही से पूर्व जिला महामंत्री एवं भाजपा नेता प्रमोद जैन, जिला उपाध्यक्ष नरेश यदु, पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू, ठाकुर राम चंद्राकर, गुंडरदेही मंडल अध्यक्ष दुष्यंत सोनवानी, हेमंत सोनकर, राजू अग्रवाल और सभी भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सरपंच द्वारा चलाया जा रहा सात दिनों का विशेष स्वच्छता अभियान



घुमका (दावा)। गौरव ग्राम घुमका सरपंच श्रीमति फूलमती जयकुमार वर्मा के नेतृत्व में गांव के सभी चौक चौराहों, तालाब, अस्पताल, स्कूल व अन्य सभी सार्वजनिक जगहों सहित पूरे गाँव मे सात दिनों का विशेष स्वछता अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी शुरूवात शनिवार से की गई है।

सरपंच श्रीमति वर्मा ने कहा कि हम स्वच्छता सप्ताह के माध्यम से साफ सफाई कर गांव को स्वच्छ कर रहे हैं और गांव के सभी नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं, बरसात के पूर्व इस प्रकार के सफाई अभियान से हम मौसमी बीमारियों से भी बच सकते हैं। गौरव ग्राम में सरपंच के इस अभियान की प्रशंसा भी नागरिकों द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस स्वच्छता अभियान में उन्हें ग्राम की स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी स्वच्छता दीदी, पंच बहनों आदि महिलाओं का सहयोग भी मिल रहा है उन्होंने समस्त ग्रामवासीयों से इस अभियान में हमारा सहयोग देने की अपील की है।

# मुस्लिम समाज के लोगों ने मनाई ईद, नमाज के बाद एक दूसरे से गले लगाकर दी बधाई

बालोद (दावा)। ईदुल अजहा का त्योहार मुस्लिम समुदाय के द्वारा खुशनुमा माहौल में मनाया गया। ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश ईमाम मोहम्मद शकील चिस्ती ने कहा कि आज ईद उल अजहा के दिन हम कुर्बानी करते हैं, कुर्बानी करने का मतलब है, कि अल्लाह के करीब पहुंचना, हजरत इब्राहिम अलैहिस्सालम ने अपने बेटे हजरत इस्माइल को अल्लाह की राह में कुर्बान करने के लिए राजी हो गए, जैसे ही कुर्बानी करने के लिए तैयार हुए उनके बेटे की जगह एक दूम्बा (जानवर) की कुरबानी हुई! यह एक इम्तेहान् था! हाफिज शकील चिश्ती ने कहा कि एक कुर्बानी सिर्फ जानवर को जिबा करना ही नहीं बल्कि इंसान को अपनी जिंदगी की तमाम बुराइयों जैसे तकबुर हसद, बुगज, कीना, नफरत इन तमाम बुराइओं को भी





अपनी जिंदगी से दूर करें, यह भी एक अल्लाह की राह में एक कुर्बानी है' उन्होंने कहा की आज अल्लाह की बारगाह में मांगने का दिन है, आज शुकराना अदा करने और खुशी मनाने का दिन है, कोई गरीब इंसान है उसकी मदद करने का दिन है।

शकील चिस्ती ने ईद की नमाज के बाद प्रदेश व हिंदुस्तान की तरक्की, अमन, भाईचारा के लिए दुआएं की। ईद उल अजहा पर छोटे बड़े बुजुर्ग सभी नए वस्त्र पहन कर ईदगाह पहुंचे नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। नमाज अदा करने के बाद कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूम के लिए परवर दिगार से मगफेरत के लिए दुआएं की। यह त्योहार बकराईद के नाम से भी जानी जाती है, मुस्लिम भाई अपने-अपने घरों में अल्लाह के नाम से कुर्बानी भी करते है! ईद के इस मौके पर इंतजामियां कमेटी के मुतवल्ली शाहिद खान ने मुसलमानों को ईद की बधाई दी व कमेटी के विकास कार्य की जानकारी देते हुए पुलिस प्रशासन, नगर पालिका का आभार व्यक्त किया।

# भारतरत्न डॉ. अंबेडकर के विभिन्न योगदानों पर संयुक्त संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न

## पञ्ञा मेत्ता संघ यूथ प्रज्ञागिरी द्वारा तृतीय संयुक्त संगोष्ठी





डोंगरगढ़(दावा)। 16 जून को पञ्ञा मेत्ता संघ यूथ प्रज्ञागिरी डोंगरगढ द्वारा विश्व रत्न बोधिसत्व बाबा साहब अंबेडकर जयंती एवं 2568 वी त्रिविध बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में तृतीय संयुक्त संगोष्ठी का कार्यक्रम होटल राज ईन में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रखा गया था द्य कार्यक्रम की शुरुआत पल्लवी मेश्राम द्वारा संविधान की प्रस्तावना के पाठन से किया गया एवं बेबी सुवर्णा व श्रेया द्वारा संविधान गीत गाकर किया गया।

संगोष्ठी में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन पूनम वेणु गोपाल ने किया, प्रस्तावना भाषण ज्योति मेश्राम जी द्वारा एवं आभार प्रदर्शन राधिका जंघेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अन्नू कोसा कोटांगले, सिद्धार्थ जनबंधु, रजत गजभिये, प्रदीप गजभिये, संजना गजभिये, निखिलेश, अमित टेंभूरकर, कल्पना गणवीर, किरण, बिन्दु, श्रद्धा ने विशेष योगदान दिया।

0 डॉ. अंबेडकर ने सर्वसमाज की उन्नति के लिए किया कार्य

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डॉ अंबेडकर को किसी एक विशेष दायरे में न रखकर सर्वसमाज के कार्य करने वाले व्यक्ति के रूप में प्रचारित करना था। डॉ अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं व्यक्तिव थे, जिन्होंने भारत का संविधान बनाया, प्रत्येक को समानता का अधिकार दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुज्य भदंत संघरत्न मानके जी थे। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने डॉ आंबेडकर द्वारा एक राजनेता के रूप में किये गए कार्यो को उजागर किया। विवेक वासनिक ने डॉ आंबेडकर के समाजवादी एवं अर्थशास्त्री के रूप में कई पहलूओं पर अपनी बातें रखी। विप्लव साहू ( सभापति जिलापंचायत राजनांदगांव, सोशल ऐक्टिविस्ट) ने बाबा साहेब के सपनों का आदर्श समाज पर संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों को बताया। शाकिर कुरैशी (राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ अंबेडकर राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा छ ग) ने निर्भिक पत्रकार के रूप में डॉ. आंबेडकर का चित्रण किया। मेघा पटनायक (रेडियो जॉकी) द्वारा हिंदू कोड बिल व महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों को बताया गया। राजेश्वरी कुर्रे (अस्सिटेंट प्रोफेसर) ने बाबा साहेब के कथन मैं जाग रहा हूँ क्योंकि मेरा समाज सो रहा है, पर परिचर्चा किया। कुशल सिंह राजपूत (समाजसेवी) द्वारा सभी समस्याओं का समाधान भारत का संविधान पर अपना उदबोधन दिया। कल्पिता चंद्रवंशी (सहायक शिक्षक, भंडारपुर) ने भारत में जातिवाद कुष्ठ रोग से भी भयानक रोग पर अपनी बातें रखी।

# डोंगरगढ़ अछोली के रेणुगोपाल ने लाया बास्केटबॉल में गोल्ड मेडल

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के अंतर्गत ग्राम अछोली के चमन वर्मा के सुपुत्र रेणुगोपाल जो संत आशाराम गुरूकुल में अध्ययनरत है विगत दिनों यूथ स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा गोवा में आयोजित आठवां गोल्ड कप आल इंडिया चेम्पियनशिप 2024 में संत आशाराम गुरुकुल छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश से 12 विद्यार्थी शामिल हुए।



छत्तीसगढ़ के 3 विद्यार्थी थे गोवा में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत के अनेकों राज्यों के टीम शामिल हुए जिसमें गुरुकुल के विद्यार्थियों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए सारे टीम को हराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा किये और गोल्ड मेडल लेकर आये यही रेणुगोपाल ने विगत दिनों ग्वालियर में आयोजित तानसेन समारोह में तबला वादन में गिनीज बुक ऑफ विश्व रिकार्ड में नाम दर्ज कराया था।

रेणुगोपाल से बात करने पर बताया कि गुरुकुल में जाने के बाद उनका सर्वांगीण विकास हो रहा है और अनेकों प्रतिभाओं का विकास हो रहा है जिसमें पढ़ाई के साथ-साथ बास्केटबॉल, तबलावादन चित्रकला में अनेकों प्रमाण पत्र ओर कराटे में भी पांच बेल्ट पर्पल तक ले चुके है इन सबका श्रेय बताते है, गुरुकुल में एक अच्छा माहौल जिसमें हर विद्यार्थी को अपना अपना स्किल डेवलपमेंट करने का मौका मिलता है वहां अच्छा कोच ओर मार्गदर्शक है जहां रोज अभ्यास करवाया जाता है सुबह जगने से लेकर रात्रि सोने तक का दिनचर्या निर्धारित होता है साथ ही वहां खान पान सात्विक योग प्राणायाम ध्यान के माध्यम से एकाग्रता और अन्य अच्छे अच्छे गुण विकसित होते है इनकी इन सारी उपलब्धियों पर उनके मां लक्ष्मी वर्मा पिताजी चमन वर्मा, दादी कमला वर्मा के अलावा हरि परिवार के सदस्य लोधी समाज के सदस्यों ने शुभकामनाएं ओर बधाई दिया है।

# साल्हेवारा में प्राथमिक शाला के शिक्षकों का बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर आधारित प्रशिक्षण सम्पन्न



साल्हेवारा (दावा)। विगत 8 दिनों से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम स्कूल साल्हेवारा में एफएलएन प्रशिक्षण चला। प्रशिक्षण में कुल 10 संकुलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। यह प्रशिक्षण दो चरणों में दिनांक 10 जून से 13 जून एवं 14 जून से 17 जून तक संचालित हुआ। डीआरजी अरूण कुमार कोशे ने अभ्यास पुस्तिका, शिक्षक संदर्शिका एवं पाठ्य-पुस्तक, मेरा सफर, मैंने सीख लिया, साप्ताहिक आंकलन, वार्षिक आंकलन, ट्रेकर भरना, नवाजतन इत्यादि विषयों को सविस्तार पूर्वक समझाया।

डीआरजी परमेश्वर कौशिक ने पुस्तकालय, जादुई पिटारा, भाषा शिक्षण एवं गणित शिक्षण के चार ब्लॉक मॉडल पर प्रकाश डाला, साथ ही डीआरजी धनीराम डड़सेना द्वारा एफ एलएन, निपुण भारत मिशन, मौखिक भाषा विकास, मौखिक गणित बातचीत पर प्रकाश डाला गया। पूरे प्रशिक्षण के दौरान सामूहिक विषयगत क्रियाकलाप/गतिविधियां करवाया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा रोचक एवं ज्ञानवर्धक अभिनय कर सामूहिक प्रस्तुति कराया गया। प्रथम चरण के प्रशिक्षण में मुरली मनोहर वर्मा सहायक शिक्षक बांधाटोला द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया और पुरे प्रशिक्षण में इनका सहयोग सराहनी रहा।

समापन कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश कुमार निर्मलकर शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला गोलरडीह द्वारा किया गया। अंत में सामूहिक फोटोग्राफ लिया गया। इस पूरे प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डड़सेना, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी गिरेन्द्र कुमार सुधाकर, डाइट प्राचार्य के.व्ही राव, डाइट व्याख्याता विद्याकांत महोबिया, जिला एफ एलएन प्रभारी प्रिया दुबे, जिला एपीसी आत्माराम साहू एवं एसआरजी महेश वर्मा, कौशल श्रीवास्तव, भागचंद साहू सभी का आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर ज़ोन प्रभारी परमेश्वर कौशिक द्वारा सभी शिक्षकों का आभार प्रदर्शन किया गया। यह जानकारी मिडिया प्रभारी मुरली मनोहर वर्मा सहा शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बांधाटोला द्वारा दिया गया।

# धर्मनगरी के युवाओं ने विश्व रक्तदाता दिवस पर किया रक्तदान

डोंगरगढ़ (दावा)। माई की नगरी डोंगरगढ़ के युवा रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते आ रहे है। जरूरतमन्दों को समय-समय पर रक्त मुहैया कराने से लेकर मेडिकल सेवा में भी अपनी अहम भूमिका निभाते आ रहे है।



योगेश कंडरा ने बताया विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर नगर के युवाओं ने रात्रि में नांदगाँव ब्लड बैंक जाकर 10 युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर हमारे मार्गदर्शक फनेद्र जैन उपस्थित रहे। रक्त दान करने वालो में संजय कुर्मी, हनी गुप्ता, राजेंद्र पासी, मानदास भास्कर, निखिल सिन्हा, लखन यादव, भूपेंद्र देवांगन, आर्यन नामदेव, आलोक कडरा शामिल है। रक्तदान से शरीर स्वस्थ रहता है लगातार रक्त दान कर रहे युवाओं व विशेषज्ञों का यह मत है की, जो लोग रक्तदान करते हैं उन्हें दिल का

### 2014 से प्रदेश के हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को ब्लड उपलब्ध कराते आ रहे है शहर के युवा

दौरा पड़ने की संभावना 88 प्रतिशत कम होती है। शरीर में किसी भी प्रकार के हृदय संबंधी बीमारी होने की संभावना 33 प्रतिशत कम हो जाती है। जब आप रक्तदान करते हैं, तो यह आपके शरीर से 225 से 250 मिलीग्राम आयरन को हटा देता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है। समय-समय पर युवाओं को रक्तदान के कार्य मे सहभागी बनने की अपील युवा रक्तदाताओं ने की है।

समिति के हनी गुप्ता ने बताया 2014 से समिति के युवा मरीजों को राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को ब्लड उपलब्ध कराते आ रहे है, साथ ही प्रतिवर्ष विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन श्री हनुमान भक्त युवा समिति के द्वारा कराया जाता आ रहा है। इस कार्य के लिये समिति को राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया जा चुका है। वर्तमान में समिति द्वारा कार्य मे सक्रियता व समर्पण को देखते योगेश कंडरा को ब्लड कोडिनेक्टर बनाया गया है।

# नेहरू महाविद्यालय में बीएससी भाग दो एवं तीन का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

डोंगरगढ़(दावा)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा विगत कुछ दिनों बीएससी भाग दो एवं तीन का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के बीएससी भाग तीन बायो का परिणाम 94.3 प्रतिशत तथा बीएससी भाग तीन गणित का परिणाम 66.6 प्रतिशत रहा। बीएससी भाग तीन बायो में 76.2 प्रतिशत प्राप्त कर प्रखर स्वर्णकार ने प्रथम स्थान, मिनेष्वरी 70.2 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय एवं निषा वर्मा ने 68.8 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही।



इसी प्रकार बीएससी भाग तीन गणित में कु. मीना ने 70.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय स्थान पर डिम्पल देवांगन 70.1 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान अजय कुमार लोधी ने 66.2 प्रतिशत प्राप्त किये। इसी प्रकार बीएससी भाग दो बायो का परीक्षा परिणाम 90.5 प्रतिशत रहा। बायो समूह में महक अग्रवाल 80.5 प्रतिशत के साथ प्रथम, ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने 79.3 प्रतिशत द्वितीय एवं भुनेष्वरी तथा प्रिया ने 69.5 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उसी प्रकार बीएससी भाग दो गणित में मनोज कुमार देवांगन 71.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, साक्षी यादव ने 71.3 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं दीपिका साहू 70.3 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने उत्तीर्ण समस्त छात्र-छात्राओं सहित विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापकों को बधाई दी।

# पहला कॉलम...

## रेफ्रिजरेटेड ट्रक में दम घुटने से आठ लोगों की तड़प-तड़प कर मौत, वाहन चालक और जिम्मेदार कर्मी अरेस्ट

झेंग्झौ। मध्य चीन के हेनान प्रांत में तड़के एक रेफ्रिजरेटेड ट्रक में दम घुटने से आठ लोगों की मौत की मौत हो गई। स्थानीय जांच दल ने बताया कि आठ लोग वाहन के इंसुलेटेड डिब्बे में थे, जो नियमों के खिलाफ था।

टीम ने कहा कि जब वाहन येक्सियन काउंटी के होंगझुआंगयांग टाउनशिप में बीती रात करीब 10 बजे एक गैस स्टेशन पर पहुंचा तो वे बेहोश पाए गए और रविवार तड़के तीन बजे चिकित्सा उपचार विफल होने के बाद उनकी मौत की पुष्टि हुई। वाहन चालक और संबंधित जिम्मेदार कर्मियों को हिरासत में लिया गया है, और मामले के कारणों की जांच की जा रही है।

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में जंगल की आग के कारण 1,200 लोगों को निकाला गया

लॉस एंजिल्स। अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में जंगल में लगी आग तेजी से फैल रही है। इसने 12,200 एकड़ (लगभग 49.4 वर्ग किमी) से अधिक क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है, जिसके कारण कम से कम 1,200 लोगों को एक लोकप्रिय मनोरंजन स्थल से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

तेज हवाओं के कारण लॉस एंजिल्स से लगभग 100 किलोमीटर उत्तर में गोर्मन में दोपहर आग लगी थी।

दोपहर तक आग पर दो प्रतिशत काबू पा लिया गया था। इसने अब तक दो संरचनाओं को नुकसान पहुंचाया है।

कैल फायर ने एक अपडेट में चेतावनी दी कि सप्ताहांत तक तापमान में थोड़ी वृद्धि और आर्द्रता कम रहने की उम्मीद है। उसने स्थानीय निवासियों से सतर्क रहने और आग की दिशा में बदलाव होने पर वहां से हटने के लिए तैयार रहने की अपील की।

साउथ कोस्ट एयर क्वालिटी मैनेजमेंट डिस्ट्रिक्ट ने एक एडवाइजरी जारी की, जिसमें धुएं से प्रभावित क्षेत्र के निवासियों से आग्रह किया गया कि वे घर के अंदर रहें या वैकल्पिक आश्रय की तलाश करें।

## स्विस शांति सम्मेलन के दौरान रूस ने तेज किए सैन्य हमले - यूक्रेन

कीव। यूक्रेन ने कहा है कि जब स्विट्जरलैंड में शांति सम्मेलन चल रहा था तो रूस ने यूक्रेन पर अपने सैन्य हमले तेज कर दिए। शांति सम्मेलन रविवार को समाप्त हो गया।

यूक्रेनी जनरल स्टाफ ने बीती शाम अपनी रिपोर्ट में कहा, पूरे दिन रूस ने यूक्रेन पर तेज हमला जारी रखा, हमारे डिफेन्स में सेंध लगाने की कोशिश की और हमारी इकाइयों को हमारे ठिकानों से हटाने की कोशिश करता रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश हमले पूर्वी यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में हुईं - कुल 36। रिपोर्ट में कहा गया है कि 25 हमलों को विफल कर दिया गया लेकिन 11 अभी भी जारी हैं।

इसमें कहा गया है कि रूसी सेना आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है, खासकर पोक्रोवस्क शहर के पास।

कहा जाता है कि रूसी सेना ने उत्तर और दक्षिण में मोर्चे पर यूक्रेनी ठिकानों पर हमला करने के 10 प्रयास किए, लाइमन क्षेत्र और कुराखोव के आसपास।

रिपोर्ट में कहा गया, मॉस्को की वायु सेना ने रक्षा ठिकानों पर भारी बमबारी की। हालांकि इस जानकारी की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। पिछली सर्दी से ही यूक्रेन हथियारों और गोला-बारूद के अभाव में कमजोर स्थिति में है।

हालांकि, अब अब पश्चिमी देशों से हथियारों की आपूर्ति होने लगी है, जिससे रूस को मिलने वाला फायदा सीमित हो गया है।

## सऊदी अरब में हज के दौरान 14 तीर्थयात्रियों की मौत, 17 लापता -जॉर्डन

अम्मान। जॉर्डन ने कहा कि सऊदी अरब में हज की रस्में अदा करने के दौरान 14 नागरिकों की मौत हो गई और 17 अन्य लापता हो गए हैं। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सूफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन मृतकों को दफनाने या उनके परिवारों के अनुरोध पर उनके घर वापसी के लिए सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क में है।

बयान के अनुसार, सऊदी अधिकारी 17 लापता तीर्थयात्रियों की तलाश कर रहे हैं।

बयान में न तो घटना की विस्तृत जानकारी दी गई और न ही इसके कारण का खुलासा किया गया, लेकिन जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया कि हज यात्रा के दौरान जॉर्डन के छह नागरिकों की हीट स्ट्रोक से मौत हो गई।

# नेपाल की चुनौती को क़ाबूकर बांग्लादेश सुपर-8 में



किंग्सटॉउन। बांग्लादेश ने सफलतापूर्वक अपने 106 के स्कोर का बचाव करते हुए नेपाल को भारतीय समयानुसार सोमवार को 21 रन से हराकर टी 20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में प्रवेश कर लिया। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के बाद बांग्लादेश की टीम 106 रन पर सिमट गयी। लेकिन तंजीम हसन साकिब ने नेपाल के शीर्ष क्रम को झकझोरा और मुस्तफिजुर रहमान के डेथ बोलिंग मास्टरक्लास ने बांग्लादेश को टी 20 विश्व कप इतिहास में सबसे कम स्कोर का बचाव करते हुए सुपर आठ में पहुंचने वाली जीत दिला दी। नेपाल की टीम 19.2 ओवर में मात्र 85 रन पर सिमट गयी।

तंजीम हसन साकिब ने मात्र सात रन देकर चार विकेट झटके जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

सुपर 8 में बांग्लादेश का सामना भारत, ऑस्ट्रेलिया और अफ़ग़ानिस्तान से होगा। बांग्लादेश ने इस जीत के साथ टी20 वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे न्यूनतम स्कोर के बचाव का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। कुछ ही दिनों पहले यह रिकॉर्ड दक्षिण अफ़्रीका ने बांग्लादेश के ख़िलाफ़ ही अपने नाम किया था, जब उन्होंने 113 रनों के स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया था।

बांग्लादेश को नेपाल ने पहले बल्लेबाज़ी के लिए आमंत्रित किया था और सोमपाल कामी ने शुरुआत में ही बांग्लादेश को झटका दे दिया। बांग्लादेश को लगातार लग रहे झटकों के बीच शाकिब अल हसन और महमूदुल्लाह में साझेदारी पनपी ही थी कि दोनों में ग़लतफ़हमी हुई और महमूदुल्लाह को रनआउट होकर जाना पड़ा। पिच पर स्पिनर्स को मदद मिल रही थी और दोहरा उछाल भी था। बांग्लादेश की पूरी टीम मिलकर किसी तरह 106 रन का स्कोर खड़ा कर पाई।

हालांकि एक मुश्किल विकेट को देखते हुए नेपाल के लिए इस लक्ष्य को हासिल करना उतना आसान नहीं रहने वाला था। तंजीम हसन साकिब ने शुरुआत में एक ही ओवर में दो झटके देकर नेपाल को पीछे धकेल दिया। यह इस मैच में पहला और सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ क्योंकि इस क्षण के बाद नेपाल बांग्लादेश को मुश्किल में नहीं डाल पाई।

हालांकि बीच में दीपेंद्र ऐरी और कुशल मल्ला के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई और ऐसा प्रतीत हुआ कि यहां से बांग्लादेश को चुनौती मिल सकती है। लेकिन तभी मुस्तफ़िज़ुर रहमान ने मल्ला को चलता कर बांग्लादेश की वापसी करा दी। 19वें ओवर में भी मुस्तफ़िज़ुर ने ऐरी का विकेट लेने के साथ साथ मेडन ओवर किया और ऐसा कर के उन्होंने बांग्लादेश की जीत पर मुहर लगा दिया।

# न्यूजीलैंड ने 7 विकेट से जीता आखिरी मैच



त्रिनिदाद। पापुआ न्यू गिनी ने टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को 79 रन का टारगेट दिया है। पापुआ न्यू गिनी टॉस हारकर बैटिंग कर रही थी। पूरी टीम 19.4 ओवर में 78 रन पर ऑलआउट हो गई।

चेज कर रही न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में 2 विकेट खो दिए हैं। पहले काबुआ मोरेया ने ओपनर फिन एलन को पवेलियन भेजा फिर 5वें ओवर में रचिन रवींद्र का विकेट लिया। पावरप्ले के बाद सेमा कामिया ने डेवोन कॉन्वे को एलबीडब्ल्यू किया।

न्यूजीलैंड ने 12.2 ओवर में 3 विकेट पर 79 रन बना लिए हैं। कप्तान केन विलियमसन और डेरिल मिचेल नाबाद रहे।

त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में बारिश के कारण मैच एक घंटे देरी से शुरू हुआ। पापुआ न्यू गिनी की ओर से चॉर्ल्स अमीनी ने सबसे ज्यादा 17 रन बनाए। नॉर्मन वनुआ ने 14 रन का योगदान दिया।

कीवी टीम से लॉकी फर्ग्यूसन ने 3 विकेट झटके। उन्होंने अपने कोटे के चारों ओवर मेडन डाले। वे टी-20 वर्ल्ड कप में ऐसा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने। फर्ग्यूसन टी-20 इंटरनेशनल में ऐसा करने वाले टेस्ट प्लेइंग नेशनल के पहले गेंदबाज बने हैं। फर्ग्यूसन से पहले साद बिन जफर ऐसा कर चुके हैं। फर्ग्यूसन के अलावा, टिम साउदी को 2 विकेट मिले।

## अंकिता भकत ने महिला व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजी में ओलंपिक कोटा हासिल किया



अंताल्या। अंकिता भकत ने यहां फाइनल ओलंपिक क्वालीफायर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजी स्पर्धा के लिए कोटा हासिल किया।

अंकिता के प्रभावशाली प्रदर्शन ने प्रतिष्ठित आयोजन में भारत की उपस्थिति सुनिश्चित की, जिसमें आठ व्यक्तिगत कोटा स्थान उपलब्ध थे और राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) के लिए अधिकतम एक कोटा स्थान उपलब्ध था।

टूर्नामेंट में नौवीं वरीयता प्राप्त अंकिता को पहले राउंड में बाई मिली, जिससे उन्हें अच्छी शुरुआत मिली। इसके बाद उन्होंने क्रमशः दूसरे और तीसरे राउंड में इज़राइल की शेली हिल्टन को 6-4 और मिकाएला मोशे को 7-3 से हराकर निर्णायक जीत दर्ज की। महत्वपूर्ण कोटा स्थान के लिए खेलते हुए, अंकिता ने चौथे राउंड में फिलीपींस की गैब्रिएल मोनिका बिदौरे को 6-0 से क्लीन स्वीप करके अपने कौशल और धैर्य का प्रदर्शन किया।

इस बीच, टूर्नामेंट की तीसरी वरीयता प्राप्त भजन कौर ने चौथे दौर में स्लोवेनियाई तीरंदाज उर्स्का कैविक को 7-3 से हराकर महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के क्यूएफ में प्रवेश किया। राउंड 32 में बाई के बाद कौर ने मंगोलिया की उरंतुंगलाग बिशिंडी को 6-2 से हराया।

हालांकि, दूसरी वरीयता प्राप्त और भारत की शीर्ष तीरंदाजों में से एक दीपिका कुमारी के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण दिन था। पहले और दूसरे राउंड में बाई मिलने के बावजूद, कुमारी 4-0 से आगे होने के बाद तीसरे राउंड में अजरबैजान की यायलागुल रामज़ानोवा से 4-6 से हार गईं। यह हार कुमारी के लिए एक झटका थी, जो भारतीय तीरंदाजी में एक प्रमुख हस्ती रही हैं। पुरुषों की ओर से, धीरज बोम्मदेवरा ने पहले ही एशियाई क्वालीफाइंग चरण से व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया था, जिससे पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की रिकर्व स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो गया।

# श्रीलंका ने नीदरलैंड्स पर बड़ी जीत के साथ समाप्त किया अपना अभियान



ग्रॉस आइलेट। श्रीलंका ने नीदरलैंड्स को 83 रन से पराजित कर टी 20 विश्व कप में अपना अभियान ग्रुप डी में एकमात्र जीत के साथ समाप्त किया।डच टीम सुपर-8 में पहुंचने का सपना देख रही थी लेकिन उसे दोहरा झटका लगा। बांग्लादेश की नेपाल पर जीत और उसकी श्रीलंका के हाथों हार से नीदरलैंड्स का सपना धरा का धरा रह गया।

नीदरलैंड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छठे ओवर तक अपने दो विकेट 45 रन तक गंवा दिए। कुशल मेंडिस और धनंजय डिसिल्वा ने मजबूत साझेदारी की और टीम को 10 ओवर तक 74/2 पर ले गए।

मेंडिस 29 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुए। लेकिन इसका श्रीलंका की गति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। डीसिल्वा की तेज तर्रार बाउंड्रीज और चरित असालंका के आक्रामक स्ट्रोकप्ले से श्रीलंका ने 13वें ओवर में 100 रन पार कर लिए।

टिम प्रिंगल ने 15 वें ओवर में डिसिल्वा का विकेट लिया लेकिन फिर असालंका और एंजेलो मैथ्यूज ने महत्वपूर्ण रन जोड़े और श्रीलंका को एक बड़े स्कोर की तरफ अग्रसर कर दिया।

असालंका 21 गेंदों में 46 रन बनाकर 18 वें ओवर में आउट हुए। कप्तान वानिंदू हसारंगा और मैथ्यूज ने रन बटोरते हुए श्रीलंका को 20 ओवर में 201/6 तक पहुंचाया। मैथ्यूज 15 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद रहे।

लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड्स ने अच्छी शुरुआत की और पावर प्ले में 47/2.रन बना लिए। लेकिन सातवें ओवर में विक्रमजीत सिंह का विकेट गिरने से डच पारी का पतन शुरू हो गया। नीदरलैंड्स ने इसके बाद पांच ओवर में पांच विकेट गंवाए और आठ ओवर शेष रहते उसका स्कोर 83/7 रन हो गया।

कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने कुछ प्रतिरोध किया और 24 गेंदों में सर्वाधिक 31 रन बनाये लेकिन उनके 17 वें ओवर में आउट होते ही नीदरलैंड्स की बची-खुची उम्मीदों का अंत हो गया।

श्रीलंका ने 17.2 ओवर में नीदरलैंड्स को 118 रन पर समेट कर बड़ी जीत के साथ विश्व कप में अपना अभियान समाप्त किया।

इस ग्रुप से बांग्लादेश की टीम दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर रहकर सुपर आठ में पहुंच गयी।

# टी 20 वर्ल्ड कप में बड़ा उलटफेर, न्यूजीलैंड बाहर होने वाली बनी चौथी टीम; पापुआ न्यू गिनी को हराकर अफगानिस्तान सुपर-8 में



नई दिल्ली । अफगानिस्तान ने ग्रुप सी के मुकाबले में पपुआ न्यू गिनी को 7 विकेट से हराते हुए सुपर-8 का टिकट कन्फर्म कर लिया है। इसके साथ ही न्यूजीलैंड की टीम वर्ल्ड कप से बाहर हो चुकी है। ग्रुप सी से सुपर 8 में पहुंचने वाली दो टीमें अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज है। दोनों ने 3-3 मुकाबले खेले और जीते हैं। अब दोनों का आखिरी ग्रुप मैच एक-दूसरे के खिलाफ है, जो कि 18 जून को खेला जाएगा। इस मुकाबले के नतीजे से ग्रुप सी में कौन सी टीम टॉप पर रहेगी, इसका फैसला होगा। फिलहाल, अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज दोनों के 6-6 अंक हैं। मगर बेहतर रन रेट के चलते अफगानिस्तान मेजबान वेस्टइंडीज से आगे हैं।

पपुआ न्यू गिनी से मुकाबले की बात करें तो इसमें टॉस के साथ अफगानिस्तान मैच का भी बॉस बना। उसने टॉस जीतकर पपुआ न्यू गिनी को पहले बल्लेबाजी पर उतारा। लेकिन, पूरी टीम 100 रन भी नहीं बना सकी। पपुआ न्यू गिनी की पारी का अंत 19.5 ओवर में 95 रन पर ही हो गया। ञ्20 वर्ल्ड कप 2024 के 3 मैचों में ये तीसरी बार है, जब विरोधी टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 100 रन के अंदर सिमटी। इससे पहले युगांडा 58 और न्यूजीलैंड ने 75 रन से ज्यादा नहीं बनाए थे। पपुआ न्यू गिनी से मिले 96 रन के लक्ष्य को अफगानिस्तान ने 29 गेंद पहले 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। हालांकि, उसकी भी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। पपुआ न्यू गिनी ने 22 रन पर ही उसके दोनों ओपनर को चलता कर दिया था। लेकिन इसके बाद गुलबदीन नईब की नाबाद और शानदार पारी की बदौलत अफगानिस्तान लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब रहा।

छक्के से मैच खत्म करने वाले गुलबदीन ने 36 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाए यानी सिर्फ 1 रन से अर्धशतक से दूर रह गए। हालांकि, इसके बावजूद उन्हें खुशी इस बात की होगी कि उनकी पारी टीम को मैच जिताने और सुपर-8 का टिकट दिलाने के काम आई। अफगानिस्तान की इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ञ्20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर होने वाली चौथी टीम बन गई है। उससे पहले नामीबिया, ओमान और श्रीलंका इस रेस से बाहर हो चुके हैं।

## स्ट्राइकर्स की ब्लास्टर्स पर रोमांचक जीत

मोहाली। जेके सुपर स्ट्राइकर्स ने अपने युवा खिलाड़ियों के संयुक्त प्रयास की बदौलत शानदार जीत दर्ज की। मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) द्वारा आयोजित दूसरे शेर-ए-पंजाब टी20 कप में टीम ने बीएलवी ब्लास्टर्स पर रोमांचक मुकाबले में 11 रन से जीत दर्ज की।

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जेके सुपर स्ट्राइकर्स ने 20 ओवर में 187/5 का विशाल स्कोर बनाया। ओपनर शिवेन रखेजा ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 26 गेंदों में 46 रन की पारी खेलकर स्ट्राइकर्स को शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे ओपनर कार्तिक शर्मा ने उनका अच्छा साथ दिया, जिन्होंने 15 गेंदों में 26 रन बनाए। दोनों ने 4.3 ओवर में 59 रन जोड़े। मध्यक्रम के बल्लेबाज आर्यन यादव( 20 गेंदों में 25 रन) और शहबाज संधू (18 गेंदों में 28 रन) ने स्ट्राइकर्स को मजबूती दी। आखिरी क्षणों में शानदार प्रदर्शन करते हुए गौरव मार्कन ने 19 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली और स्ट्राइकर्स को 20 ओवर में 187 रनों तक पहुंचाया। ब्लास्टर्स की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ ने 22 रन देकर तीन विकेट लिए।

जवाब में ब्लास्टर्स लक्ष्य से 11 रन पीछे रह गए। बाएं हाथ के बल्लेबाज हरनूर पन्नू ने 48 गेंदों पर 73 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन वे जीत नहीं दिला सके। अपनी काबिलियत साबित करते हुए हरनूर ने चार गगनचुंबी छक्के लगाए। कप्तान नमन धीर बल्ले से ज्यादा कुछ नहीं कर सके और 10 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें सनवीर सिंह ने आउट किया। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज अनमोल मल्होत्रा ने 40 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से ज्यादा सहयोग नहीं मिला।

## प्रथम पेज का शेष ....

***दार्जिलिंग में सिग्नल तोड़ कंचनजंगा...***

जिन लोगों ने अपने लोगों को खोया है, उनके लिए संवेदनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं, अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। प्रभावितों की सहायता के लिए बचाव अभियान जारी है, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं। ये हादसा पश्चिम बंगाल में रंगापानी स्टेशन के पास हुआ, यहां मालगाड़ी और सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस के बीच टक्कर हो गई। उत्तर बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से लगभग 30 किलोमीटर दूर इस घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है और घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया है।

घायलों से मिलीं ममता बनर्जी, हालात का लिया जायजा- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना के घायलों से मिलने के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज पहुंचीं। इस दौरान हादसे को लेकर उन्होंने मीडिसा से बात की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, मुझे सुबह 9 बजे दुर्घटना की जानकारी मिली। तब से मैं अपने मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों के माध्यम से स्थिति को संभाल रही हूं। घायलों की मदद करने और बचाव कार्य शुरू करने के लिए मेडिकल वैन, आपदा दल और डॉक्टरों को घटनास्थल पर भेजा गया है।

पीड़ितों को मदद पहुंचाने के लिए टीम भेजी त्रिपुरा सरकार- त्रिपुरा के गृह सचिव प्रदीप कुमार चक्रवर्ती ने एएनआई को बताया, त्रिपुरा सरकार की दो सदस्यीय टीम पश्चिम बंगाल में दुर्घटना स्थल पर भेजी गई है। टीम शाम 5.30 बजे बागडोगरा हवाई अड्डे पर उतरेगी और शाम 6.30 बजे तक वे घटनास्थल पर पहुंच जाएंगे। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद, वे त्रिपुरा के उन यात्रियों की तलाश करेंगे जो दुर्घटना में घायल हुए होंगे।

सिलीगुड़ी में घायलों से मिले रेल मंत्री- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सिलीगुड़ी में उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज का दौरा किया और घायलों से मुलाकात की। बंगाल रेल हादसे में 9 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। जिसमें 7 यात्री और 2 रेलवे कर्मचारी शामिल हैं। रेल अधिकारियों के मुताबिक, करीब 32 लोगों को हादसे के दौरान मामूली चोटें आई हैं।

रेल हादसे के लिए भारत सरकार जिम्मेदार- राबड़ी देवी- पश्चिम बंगाल में हुए रेल हादसे पर बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह हादसा पश्चिम बंगाल में हुआ है, इसलिए ममता बनर्जी समझेंगी। वहीं, राबड़ी देवी ने हादसे के लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराया है।

***लोकसभा स्पीकर का पद किसी को...***

हालांकि, इसे लेकर अभी तक सरकार की तरफ से अपने पत्ते नहीं खोले गए हैं। पीएम मोदी अपने मंत्रियों का परिचय सदन से कराएंगे- सांसदों के शपथ ग्रहण और लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद पीएम मोदी अपने मंत्रियों का परिचय सदन से कराएंगे। 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर दोनों सदनों में अलग-अलग चर्चा भी होगी। प्रधानमंत्री मोदी दोनों सदनों में 2 और 3 जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब भी देंगे।

***भाजपा की विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी...***

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को प्रभारी बनाकर भेजा है। उनके साथ सह-प्रभारी के रूप में त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब चुनावी तैयारियां देखेंगे। इसी तरह झारखंड में भी भाजपा परिस्थितियां बदलने के लिए उत्सुक है। इस बार लोकसभा चुनाव में आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित सीटों पर भाजपा को काफी नुकसान हुआ है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं, लेकिन चुनाव में उनकी पार्टी को सहानुभूति का लाभ मिला।

शिवराज को झारखंड की जिम्मेदारी- ऐसे में इस चुनौतीपूर्ण राज्य में भाजपा ने सरकार और संगठन के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभार सौंपा है। वह प्रभारी होंगे तो सह-प्रभारी का जिम्मा भाजपा के फायरब्रांड नेता असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा संभालेंगे। वहीं, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 2018 में राज्य सरकार भंग कर दी गई थी। तब से वहां सरकार का गठन नहीं हुआ है। अब परिसीमन में नए क्षेत्र शामिल होने के बाद पहली बार वहां विधानसभा चुनाव होने हैं और केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को सूबे की कमान सौंपी गई है।

***18वीं लोकसभा में 52 सांसदों ने लगाई...***

और इस बार आठवीं बार शपथ लेने जा रहे हैं। वह लगातार आठ जीत दर्ज कराने वाले इकलौते वर्तमान सांसद हैं। उनके बाद आठ कार्यकाल वालों में कांग्रेस सांसद के. सुरेश हैं। नौवीं, दसवीं और 11वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में पहली हैट्रिक लगाई। वह 13वीं लोकसभा के लिए भी चुने गए। उसके बाद 15वीं से लगातार सदस्य बने हुए हैं।

पिछली बार लगाई थी दूसरी हैट्रिक- के. सुरेश पिछली बार चुनकर ही दूसरी हैट्रिक लगा चुके थे। इसी तरह सदन में सात सांसद ऐसे हैं, जो सातवीं बार शपथ लेने जा रहे हैं। इनमें भी गुजरात से भाजपा सांसद मनसुख भाई धनजी भाई वसावा, कर्नाटक के बीजापुर से भाजपा सांसद रमेश चंदप्पा और बीजू जनता दल से भाजपा में आए भर्तृहरि महताब लगातार सातवीं बार निर्वाचित हुए हैं। छठवीं बार दस सदस्य शपथ लेने जा रहे हैं। इनमें गोवा से भाजपा सांसद श्रीपद यशोनाइक की यह लगातार छठवीं जीत है।

पांचवीं बार सांसद बनेंगे 10 सदस्य- इसी तरह पांचवीं बार संसद की सदस्यता ग्रहण करने वाले 10 सांसद होंगे, लेकिन लगातार पांच जीत दर्ज कराने वालों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, भाजपा के जीपी चंदनगौड़ा, दुष्यंत सिंह और गणेश सिंह शामिल हैं। इस बार 35 सांसद चौथी बार संसद के सदस्य बनने जा रहे हैं, तो तीसरे कार्यकाल की शपथ 73 सांसद लेंगे। इनमें लगातार तीन जीत के साथ हैट्रिक लगाने वाले 52 सांसद हैं। यहां उल्लेखनीय है कि तीसरी लगातार जीत दर्ज कराने वाले सांसदों में सात महिला सदस्य भी हैं।

***सुलिवन ने मोदी से की मुलाकात...***

प्रधानमंत्री ने जी-7 शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति जोसेफ आर बाइडेन के साथ अपनी सकारात्मक बातचीत को याद किया। प्रधानमंत्री ने वैश्विक कल्याण के लिए व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने तथा नए कार्यकाल में इसे और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

***मणिपुर में हिंसा करने वालों के खिलाफ...***

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी हाल ही में केंद्र सरकार से मणिपुर में स्थिति सामान्य बनाने के लिए कदम उठाने को कहा है। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी केंद्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी को मणिपुर की तनावपूर्ण स्थिति का खामियाजा उठाना पड़ा है और राज्य की दोनों लोकसभा सीटों पर उसे हार का सामना करना पड़ा है। राज्य की दोनों सीट मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने जीती हैं।

***बृजमोहन अग्रवाल ने छोड़ी विधायकी....***

बृजमोहन अग्रवाल का जन्म एक मई 1959 को रायपुर में हुआ था. कॉमर्स व आर्ट्स दोनों विषय से पोस्ट ग्रेजुएशन, एलएलबी की डिग्री भी ली है. साल 1986 में इनकी शादी सरिता देवी अग्रवाल से हुई. इनके 2 बेटे और 1 बेटी हैं. वे मध्यप्रदेश से बंटवारे से पूर्व भी मंत्री का पद संभाल चुके हैं. मध्यप्रदेश विधानसभा द्वारा उन्हें सर्वश्रेष्ठ विधायक का पुरस्कार भी प्रदान किया गया है. बृजमोहन ने मात्र 16 साल की उम्र में ही 1977 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्यता ले ली थी. वर्ष 1981 और 1982 के दौरान वे छात्रसंघ के अध्यक्ष भी रहे. 1984 में वे भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने. 1988 से 1990 तक वे भाजयुमो के युवा मंत्री भी रहे. 1990 में वे पहली बार मध्यप्रदेश विधानसभा में विधायक चुनकर आए. वे राज्य के सबसे युवा एमएलए थे. इसके बाद से वे 1993, 1998, 2003, 2008, 2013, 2018 और 2023 में विधायक चुने गए.

# महंगाई पर काबू पाना हो रहा मुश्किल; सब्जियों के बाद गेहूं के भी बढ़े भाव, चीनी में भी तेजी की सुगबुगाहट

नई दिल्ली। सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर काबू में नहीं आ रही है और इसमें दाल, प्याज, गेहूं, आलू जैसी प्रमुख वस्तुओं की कीमतें प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। गत मई की खुदरा महंगाई दर 4.75 प्रतिशत दर्ज की गई, लेकिन खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर 8.69 प्रतिशत रही। इस साल अप्रैल में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर 8.70 प्रतिशत तो मार्च में 8.52 प्रतिशत थी।




### महंगाई से राहत के आसार नहीं

जून में भी खाद्य वस्तुओं की खुदरा कीमतों में राहत मिलने की संभावना नहीं है क्योंकि अरहर या तुअर दाल की खुदरा कीमत बाजार में 200 रुपये प्रति किलोग्राम को पार कर चुकी है। निर्यात पर रोक हटने के बाद प्याज के खुदरा दाम 40-60 रुपए प्रति किलोग्राम हो गए हैं। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल है, लेकिन खुले बाजार में गेहूं 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर बिक रहा है।

गेहूं की कमजोर खरीदारी की वजह से सेंट्रल पूल में गेहूं का स्टॉक 299 लाख टन के पास है जबकि पिछले साल जून के आरंभ में यह स्टॉक 313 लाख टन से अधिक था। मतलब यह है कि आने वाले महीनों में गेहूं के दाम भी बढ़ सकते हैं। यही वजह है कि रबी की नई फसल के बावजूद मई में गेहूं समेत सभी अनाज की खुदरा कीमत में 8.69 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।

सप्लाई बढ़ाकर कीमत पर रोक के लिए दाल का भारी मात्रा में आयात किया जा रहा है। इस साल अप्रैल में दाल के आयात में 172 प्रतिशत तो मई में 176 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही, लेकिन दाल की खुदरा कीमत लगातार बढ़ रही है। मई में यह बढ़ोतरी दर 17.14 प्रतिशत की रही। ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल कहते हैं कि अब अफ्रीका में मौसम ठीक रहा तो दाल की कीमत में कुछ नरमी आ सकती है क्योंकि जुलाई में जिम्बाब्वे, कीनिया जैसे देशों से तुअर दाल का आयात किया जाना है।

### प्याज भी रूला रहा महंगाई के आंसू

महाराष्ट्र के प्याज किसानों की मांग पर मई माह में चुनाव के दौरान प्याज के निर्यात पर रोक को हटा लिया गया और उसके बाद से प्याज की खुदरा कीमत बढ़ रही हैं। अब प्याज के खुदरा भाव 40-60 रुपए प्रति किलोग्राम तक चले गए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक मई में प्याज के थोक मूल्य में पिछले साल मई की तुलना में 58.05 प्रतिशत तो आलू के थोक भाव में 64.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इन सबके अलावा चीनी की खुदरा कीमतों में भी तेजी का रुख शुरू हो गया है और अब चीनी उत्पादक संघ चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य को 32 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 42 रुपए प्रतिकिलो ग्राम करने की मांग कर रहे हैं। मई में चीनी के खुदरा दाम में पिछले साल मई के मुकाबले 5.70 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही तो खुदरा महंगाई दर को चार प्रतिशत के पास लाना आसान नहीं होगा। आरबीआई बार-बार खुदरा महंगाई दर को चार प्रतिशत तक लाने की कोशिश का जिक्र करता है। ऐसे में, अगस्त में होने वाली आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में बैंक दरों में किसी कटौती की संभावना नहीं रह जाएगी।

# न्यूजीलैंड में उड़ान भरते ही टकराया पक्षी, आग लगने से बंद हुआ इंजन; बाल-बाल बचे 73 लोग

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड में एक बड़ी हवाई दुर्घटना होने से बच गई। सोमवार को एक यात्री विमान में उड़ान भरने के कुछ समय बाद आग लग गई, जिसके बाद एक इंजन बंद हो गया। चालक दल के सदस्यों ने उसे न्यूजीलैंड के एक हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया। विमान पर कुल 73 लोग सवार थे।



### उड़ान भरने के तुरंत बाद लगी आग

एयरलाइन के मुख्य परिचालन अधिकारी, स्टुअर्ट एग्स ने कहा कि संभावित रूप से पक्षी टकराने के कारण यह घटना हुई होगी। क्वींसटाउन हवाईअड्डे से विमान के उड़ान भरने के तुरंत बाद आग की लपटें देखी गईं। वर्जिन ऑस्ट्रेलिया का बोइंग 737-800 विमान 67 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों के साथ ऑस्ट्रेलिया स्थित मेलबर्न जा रहा था। आग लगने के कारण मार्ग परिवर्तन के बाद यह न्यूजीलैंड के इन्वरकार्गिल शहर में उतरा।

### किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं

हवाई अड्डे की प्रवक्ता कैथरीन निंद ने कहा कि घटना के समय क्या हुआ, इसके बारे में और अतिरिक्त जानकारी नहीं है। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यात्रियों को रात भर इन्वरकार्गिल में ठहराया जाएगा और नई उड़ान की व्यवस्था की जाएगी।

देश के विमानन नियामक ने कहा है कि न्यूजीलैंड के हवाई अड्डों पर विमानों से टकराने वाले पक्षियों की दर प्रत्येक 10,000 विमानों की आवाजाही में लगभग चार है। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण का कहना है कि परिणाम की गंभीरता विमान से टकराने के स्थान, पक्षियों के आकार और पायलट की प्रतिक्रिया के आधार पर अलग-अलग होती है।

# राजकोट गेमिंग जोन अग्निकांड मामले में तीन सदस्यीय समिति का गठन, 30 जून तक विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का आदेश



राजकोट। गुजरात सरकार ने राजकोट टीआरपी गेमिंग जोन अग्निकांड की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस घटना में बच्चों सहित 27 लोगों की मौत हो गई थी।

विस्तृत रिपोर्ट सौंपेगी समिति

इस समिति के सदस्य मनीषा चंद्रा, पी. स्वरूप, और राजकुमार बेनीवाल को 30 जून तक शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव अश्विनी कुमार को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। इस घटना की जांच पहले से ही विशेष जांच दल (एसआईटी), राजकोट पुलिस, अपराध शाखा और एसओजी द्वारा की जा रही है।

### अब तक 10 आरोपियों की हुई है गिरफ्तारी

इस घटना में एक संचालक की भी मौत हो चुकी है। इस मामले में अब तक 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। विगत सप्ताह इस मामले की जांच कर रहे एसआइटी प्रमुख सुभाष त्रिवेदी ने जांच प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए राजकोट का दौरा किया था।

# जिला अस्पताल दुर्ग में एक लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट भी लगाया गया

दुर्ग (दावा)। कोरोना की दूसरी व तीसरी लहर में सांसों को संकट दूर करने जिले के 6 सरकारी अस्पतालों में 8 ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए थे। इन्हीं प्लांट को रेगुलर चलाकर उस समय कोरोना पीड़ित ही नहीं आम लोगों की सांसें दी गईं थीं, लेकिन कोरोना काल बीतते ही 8 प्लांट में 5 प्लांट की हालत बिगड़ गई है। मेंटेनेंस नहीं होने से इनमें कुछ न कुछ तकनीकी खराबी आ गई है।



ऐसे में स्थानीय प्रभारियों ने मेंटेनेंस होने तक प्लांट को बंद कर दिया है। सीएम मेडिकल कॉलेज कचांदुर, जिला अस्पताल दुर्ग में लगे 2-2 ऑक्सीजन प्लांट में एक-एक प्लांट के अलावा सुपेला, झीठ तथा आयुर्वेदिक अस्पताल का प्लांट बंद है। जिला अस्पताल की ही मदर चाइल्ड यूनिट में हाल ही पीएम केयर फंड से लगा प्लांट और सीएचसी पाटन में सीजी एमएससी द्वारा लगाया गया प्लांट संचालित है। सरकारी अस्पतालों में लगे प्लांट प्राकृतिक हवा से मेडिकल ऑक्सीजन बनाते हैं। प्लांट से वार्डों तक बिछी पाइप के जरिए ऑक्सीजन भर्ती मरीज तक पहुंचने लगती है। जब तक वारंटी कवर थी, तब तक सभी प्लांट रेगुलर संचालित होते रहे हैं। जिन-जिन की वारंटी खत्म हो गई है, वे सभी के सभी बंद पड़े हैं।

अस्पताल- क्षमता (ली/ मिनट) योजना मेडिकल कॉलेज 1-100, 0- चल रहा सीजी एमएससी मेडिकल कॉलेज 2- 960- बंद पड़ा पीएम केयर से जिला अस्पताल 1-960 बंद पड़ा सीजी एमएससी जिला अस्पताल 2- 960-चल रहा पीएम केयर से सुपेला अस्पताल- 960 - बंद पड़ा पीएम केयर से सीएचसी पाटन- 500- चल रहा सीजी एमएससी से सीएचसी झींठ- 280- बंद हो गया डोनेशन से मिला आयुर्वेद अस्पताल- 500- बंद पड़ा डोनेशन से मिला कोरोना काल में हमारे यहां लगा प्लांट रेगुलर संचालित था। कोरोना मरीजों के अलावा अन्य मरीजों को भी ऑक्सीजन प्लांट से ही दी जाती रही। लेकिन जब तक प्लांट नया था तब तक चला, अभी बंद हो गया है। मेंटेनेंस के लिए मैने वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखा है। लेकिन अब तक नहीं बन पाया है। ऐसे में जरूरत की ऑक्सीजन जंबो सिलेंडर में खुले बाजार से खरीद रहे हैं। - डॉ. पियम सिंह, प्रभारी, सुपेला।

प्लांट बंद होने से अस्पतालों में कोई परेशानी नहीं है। हर अस्पताल में ऑक्सीजन आपूर्ति को पहले से अन्य दो सोर्स मौजूद है। सबसे पुराना व भरोसेमंद ऑक्सीजन सोर्स जंबो सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। जिला अस्पताल के मेन स्ट्रीम का प्लांट बंद होने से रोजाना 10 से 12 जंबो सिलेंडर और सुपेला में 2 सिलेंडर खत्म हो रहा है। इनके अलावा हर अस्पतालों में ऑक्सीजन देने का तीसरा सोर्स ऑक्सीजन कांसनट्रेटर भी है। इसीलिए सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट बंद होने से कोई परेशानी खड़ी नहीं हुई है क्योंकि ऑक्सीजन की जरूरत पड़ने पर जंबो सिलेंडर ऑक्सीजन कंसंट्रेटर से मरीज को ऑक्सीजन दिया जा सकता है। प्लांट रहने पर भी इमरजेंसी के लिहाज से सभी अस्पतालों में जंबो सिलेंडर रखने पड़ते हैं।

# 55 फर्जी एनजीओ बनाकर बैंक मैनेजर ने लोन के नाम पर निकाले 2.77 करोड़

बिलासपुर। मैनेजर ने 55 फर्जी स्व-सहायता बनाकर इनके नाम से लोन स्वीकृत करा लिया। लोन की राशि दो व्यापारियों के नाम इंडियन बैंक में जमा कराई। व्यापारियों ने अपना कमीशन काटकर शेष राशि बैंक मैनेजर के स्टेट बैंक के खाते में जमा कर दी। बैंक में वार्षिक आडिट के दौरान यह गड़बड़ी सामने आई।

केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में बैंकों को लक्ष्य दिया जाता है। लक्ष्य की पूर्ति के लिए दिए जाने वाले ऋण के संबंध में उच्चाधिकारियों को स्टेटस रिपोर्ट पेश किया जाता है। दोंदेखुर्द ब्रांच के तत्कालीन मैनेजर ने ऐसा कर गुपचुप तरीके से फर्जीवाड़ा को अंजाम देना जारी रखा। बीते दो साल से चल रहे फर्जीवाड़ा और संगठित अपराध की भनक आला अफसरों को भी नहीं लग पाई थी।

वार्षिक आडिट के दौरान जब बैंक के तकनीकी अधिकारियों ने केंद्र व राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर फाइलें पलटनी शुरू की तब परत-दर-परत फर्जीवाड़े का पर्दाफाश होने लगा। स्व सहायता समूह के अलावा व्यक्तिगत लोगों को मुद्रा लोन योजना के तहत लोन देने के लिए जिन लोगों के फोटो और आधार कार्ड आवेदन के साथ लगाए गए थे,जांच अधिकारियों ने जब फोन कर फीडबैक लेना शुरू किया तब एक-एक कर गड़बड़ी सामने आने लगी।

जिनके नाम पर मुद्रा लोन लेना बताया गया था उसने साफतौर पर बैंक से लोन मिलने से इन्कार किया। लोगों ने बताया कि उनके आवेदन को तो बैंक मैनेजर ने पहले ही निरस्त कर दिया था। लिहाजा लोन मिलने का तो सवाल ही नहीं उठता। लोगों की जानकारी और मिल रहे फीडबैक के आधार पर जब जांच शुरू हुई तो बड़े पैमाने पर फर्जी दस्तावेज के सहारे लोन स्वीकृत राशि बैंक मैनेजर द्वारा हड़पने की बात सामने आई। जांच के दौरान प्रधानमंत्री मुद्रा लोन,आजीविका मिशन के तहत समूहों को दिए जाने वाले लोक में फर्जीवाड़ा मिला। तत्कालीन बैंक मैनेजर द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में 2.77 करोड़ का फर्जीवाड़ा किया गया है।

प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना व आजीविका मिशन के तहत बैंक ऋण के लिए आने वाले स्व सहायता समूह की महिलाओं के अलावा व्यक्तिगत ऋण के लिए आने वाले हितग्राहियों के आवेदन को जानबुझकर बैंक मैंनेजर द्वारा निरस्त कर दिया जाता था। आवेदन निरस्त होने की जानकारी मिलने पर स्व सहायता समूह की महिलाएं व ग्रामीण आवेदन को लिए बगैर मायूस होकर लौट जाया करते थे।

आवेदन में हितग्राहियों के फोटो व आधार कार्ड का फोटोकापी लगा रहता था। इन दोनों चीजों का वे उपयोग कर लेते थे। नाम व आधार कार्ड लगाकर फर्जी नाम से स्व सहायता समूह बना देता था और इसके एवज में लोन निकाल लेता था। जिन दो व्यापारियों को अपने साथ रखा था उनके बैंक खाते में सामाग्री क्रय करने के नाम पर राशि जमा करा देता था। दोनों व्यापारी कमीशन के रूप में एक से डेढ़ लाख रुपये लेकर शेष राशि बैंक मैनेजर के नाम भारतीय स्टेट बैंक के खाते में जमा करा देते थे।

### हाईकोर्ट ने कहा- पब्लिक मनी का दुरुपयोग है

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में सुनियोजित तरीके से किए गए अपराध को लेकर हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। जस्टिस एनके व्यास ने कहा है कि यह तो सरासर पब्लिक मनी का दुरुपयोग है। पूर्व के ब्रांच मैनेजर ने अपराध को कैसे अंजाम दिया,लोन स्वीकृति के संबंध में बैंक के नियमों, उच्चाधिकारियों द्वारा मानिटरिंग की व्यवस्था को लेकर कोर्ट ने वर्तमान ब्रांच मैनेजर से शपथ पत्र के साथ जानकारी मांगी है। माना जा रहा है कि शपथ पत्र में दी जाने वाली जानकारी के बाद फर्जीवाड़े को लेकर और महत्वपूर्ण जानकारी सामने आएगी।

# कुदरगढ़ धाम के दुकानों में लगी आग

## दुकान व बाइक जलकर खाक दो सिलिंडर भी ब्लास्ट



सूरजपुर। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में स्थित प्रसिद्ध कुदरगढ़ देवी धाम के पास भीषण आग लग गई है। आग लगने से दो गैस सिलेंडर फट गया है। जिससे 11 दुकानों में रखे खिलौना और फैंसी सामान सहित लूना-बाइक जलकर खाक हो गए हैं। 15 लाख रुपए से अधिक के नुकसान होने की आशंका है।

सरगुजांचल की आराध्य मां कुदरगढ़ी देवी धाम पहाड़ के ऊपर है। उसके नीचे समतल जगह पर दुकानें लगाई जाती है। इन दुकानों में तिरपाल, प्लास्टिक आदि का भी उपयोग किया जाता है। अस्थाई रूप से बिजली व्यवस्था के लिए दुकानदारों ने यहां तार भी खींचा है। शनिवार देर रात यहां पूजा सामग्रियों की दुकान में आग लग गई। गर्मी के कारण आग तेजी से फैली। अगल-बगल की दुकानों को भी आग ने चपेट में ले लिया। यहां एक होटल में भी आग लग गई।

बता दें, घंटों मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया है। अहम बात यह है कि, दुकान में सो रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई है। यह मामला कुदरगढ़ चौकी क्षेत्र का है। इस मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है। शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का 187 लोगों ने लिया लाभ

बालोद (दावा)। श्री नरसिंह मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बालोद व प्रेस क्लब बालोद के तत्वावधान में शनिवार को मालीघोरी दूधली में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 187 लोगों की जांच कर दवाइयां वितरित की गई। अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पहुंचकर लोगों की जांच की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

शिविर का शुभारंभ पूर्व मंडी अध्यक्ष भोलाराम देशमुख, सरपंच मालीघोरी फिरोज तिगाला, जनपद सदस्य राजकुमार प्रभाकर, प्रेस क्लब बालोद के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा आदि ने किया। अपने संबोधन में भोलाराम देशमुख ने कहा कि प्रेस क्लब बालोद हर क्षेत्र में अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है। रचनात्मक कार्य के तहत जन सामान्य को सुविधा दिलाने इस तरह के स्वास्थ्य शिविर लगाकर प्रेस क्लब ने अपने एक और कर्तव्य का निर्वहन किया है। इसी तरह श्री नरसिंह मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा यहां पर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। आयोजन पूरी तरह से निशुल्क था, जिसका लाभ अनेक ग्रामीणों ने लिया। सरपंच फिरोज तिगाला ने कहा कि प्रेस क्लब बालोद और नरसिंह मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के इस परोपकारी आयोजन का ग्राम के अनेक लोगों को लाभ मिला है।

डॉ. पीसी सूर्या, डॉ. अश्वनी रमेश मुद्रावणे, डॉ. फलेश ठाकुर, नर्स योगीता साहू, श्वेता साहू, दीपिका निषाद, उदय साहू, भुवन साहू, पीसी सरिता सहित प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, मीडिया प्रभारी टीकम पिपरिया, वरिष्ठ पत्रकार जुनैद कुरैशी, अखिल साहू, किशोर साहू, तिलक देशमुख, इंजीनियर व समाजसेवी ताराचंद साहू आदि उपस्थित रहे।

# बॉयफ्रेंड से पति की हत्या करवाई.. फिर तैरती लाश देखने गई

रायपुर (दावा)। रायपुर में खारुन नदी में मिली लाश के मामले में मृतक की पत्नी और बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार किया गया है। महिला ने ही अपने पति की हत्या करने के लिए बॉयफ्रेंड पर दबाव बनाया था। मर्डर के बाद जब उसे पति की मौत पर यकीन नहीं हुआ, तो उसने लाश देखने की भी जिद की थी। जिस पर आरोपी ने महिला को खारुन नदी में तैरती हुई लाश भी दिखाई। हत्या का यह मामला रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। पुलिस को 10 जून को एक युवक की भाठागांव स्थित केसरी बगीचा के पास नदी में लाश मिली। पुलिस ने लाश की पहचान के लिए उसकी फोटो सभी थानों पर भेजी। दो दिन बाद मृतक की पत्नी मीना यादव अपने परिवार वालों के साथ थाने पहुंची।




मीना यादव ने लाश की पहचान अपने पति विधाता यादव के रूप में की। 30 साल का विधाता यादव सयासीपारा खमतराई में रहता था। इस बीच लाश की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी सामने आई। जिसके बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया और आरोपी की तलाश में जुट गई। पुलिस ने मृतक की कॉल डिटेल के साथ ही पत्नी मीना यादव की भी कॉल डिटेल खंगाली। जब पत्नी के कॉल डिटेल को पुलिस ने जांचा तो एक शख्स का नंबर सामने आया जिससे मीना यादव बार-बार फोन में बात किया करती थी। ये फोन नंबर मौदाहापारा के रहने वाले अमजद खान का था।

जानकारी के मुताबिक, अमजद का ऑटो किराए पर देने का काम था। मृतक विधाता यादव अमजद से ही किराए पर ऑटो लेकर चलाता था। इसी बीच मीना यादव का अमजद खान के साथ अफेयर हुआ। अमजद ने मीना को डेढ़ साल पहले मोबाइल फोन और सिम भी दिया था।

इस मोबाइल से ही मीना और अमजद के बीच कई बार बातें होती थीं। इस अफेयर की जानकारी विधाता यादव को हुई जिस पर कई बार पति-पत्नी में बहस और लड़ाई भी हुई। बार-बार की लड़ाई से परेशान मीना ने अपने पति को ही रास्ते से हटाने का विचार कर लिया। मीना इसके बाद बॉयफ्रेंड अमजद खान पर अपने पति की हत्या करने का दबाव डालने लगी। इसके बाद अमजद ने एक और शख्स अन्नू प्रजापति के साथ मिलकर हत्या की प्लानिंग की। अन्नू भी अमजद से किराए पर ऑटो लेकर चलाता था। अन्नू पहले उत्तरप्रदेश में हत्या के प्रयास और छेड़छाड़ के मामले में जेल भी जा चुका है। प्लानिंग के मुताबिक अन्नू और अमजद ने विधाता को शराब पार्टी के लिए बुलाया। तीनों ने भाठागांव के सुनसान केसरी बगीचा के पास बैठकर शराब पी। शराब पार्टी के बीच आरोपियों ने नशे में चूर हो चुके विधाता के सिर पर लोहे की पटिया से वार कर दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई जिसके बाद दोनों ने लाश को नदी पर फेंक दिया। हत्या के दौरान मीना अपने पति विधाता और प्रेमी दोनों को बार-बार फोन करते रही। वह कंफर्म करना चाहती थी कि मर्डर हुआ है या नहीं। अमजद ने बताया कि हत्या हो चुकी है, लेकिन उसे यकीन नहीं हुआ वह लाश देखने की जिद करने लगी। परेशान होकर अगले दिन अमजद उसे स्कूटी में बैठाकर घटनास्थल पर ले गया। नदी में बहाव कम होने से लाश खारुन नदी के ऊपर तैर रही थी। पति की लाश देखकर वह शांत हुई। पुलिस को इस पूरे हत्याकांड में मोबाइल की कॉल डिटेल, लोकेशन और आसपास मौजूद सीसीटीवी फुटेज से सब कुछ साफ हो गया।

आरोपी भी पुलिस की सख्ती से पूछताछ में टूट गए। उन्होंने पूरी वारदात कबूल कर ली। इस मामले को लेकर पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन ने बताया कि अमजद खान, मीना यादव और अन्नू प्रजापति को हत्या के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# नया रायपुर में घूमने गए दो एमबीबीएस स्टूडेंट्स के साथ लूटपाट, पैसे नहीं देने पर की मारपीट



रायपुर (दावा)। नवा रायपुर घूमने गए दो एमबीबीएस स्टूडेंट्स के साथ लूटपाट की घटना हुई है। निमोरा ओवर ब्रिज के पास लूटपाट को अंजाम दिया गया है। 3 अज्ञात बदमाशों ने मारपीट के बाद घटना को अंजाम दिया गया है।

बताया जा रहा है कि चाकू दिखाकर छात्रों से पैसे मांगे। पैसा नहीं देने पर की मारपीट किया गया। चिल्लाने पर छात्र की गाड़ी लेकर लुटेरे भाग निकले। राखी थाना में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

# प्रदेश में बिक रहा मिलावटी फूड सप्लीमेंट: रायपुर समेत कई जिलों में मेडिकल स्टोर पर छापा, सीएम साय के निर्देश पर एक्शन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में फूड सप्लीमेंट, मल्टी विटामिन, बेबी फूड जैसे कई प्रोडक्ट में मिलावट की शिकायतों के बाद विष्णुदेव साय की सरकार ने एक्शन लिया। जिसके बाद 17 जून को राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में मेडिकल स्टोर पर फूड एंड ड्रग डिपार्टमेंट की टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौदान टीम ने सभी दुकानों से सैंपल लिए।



### कई जिलों के 19 मेडिकल स्टोर पर छापा

जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कुछ दिन पहले अधिकारियों की मीटिंग ली थी। इसमें विशेष तौर से मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद औषधि विभाग की टीम ने रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा संभाग के 19 मेडिकल स्टोर में छापा मार कार्रवाई की। वहां से संदेहास्पद दवाओं और फूड सप्लिमेंट के सैंपल जब्त किए।

### किन बिंदुओं पर की गई जांच

कार्रवाई के बारे में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक ने बताया कि गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं लेवलिंग, फॉल्स एवं मिस लीडिंग, एडवर्टाइजमेंट, खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की स्क्क अनुसार विक्रय एवं भंडारण के मापदंड के अनुसार जांच की गई। साथ ही सभी खाद्य प्रतिष्ठान और मेडिकल स्टोर से अफसरों ने जो सैंपल लिए हैं, उन्हें खाद्य परीक्षण लैब को भेजा गया है। जिन संस्थानों से वैध खाद्य एवं औषधि पंजीयन प्राप्त नहीं हुए और जांच रिपोर्ट आने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**इनके सैंपल जांच में:-** जीआरडी बिक्स प्रोटीन, सिगनुत्रा ग्रोविवा, पीडियास्योर, प्रोहन्स-डी डायबिटीज केयर, ऑस्ट्रो मल्टी-विटामिन सिरप, ए टू जेड मल्टी-विटामिन सिरप, जीनोविट मल्टी-विटामिन कैप्सूल, स्टेविआ शुगर फ्री औरमीन -जेड, मोकटल मल्टी-विटामिन मल्टी मिनरल, सिरपबेंफिसियल हेल्थ सप्लिमेंट, प्रोग्रेट प्रोटीन पावडर, एन्दुरामास वेट गेनर, लिक्योरिफिट न्यूट्रास्युटिकल, पैक्ड क्यू -10 सिरप, पैक्ड बेस्ट प्रोटीन सप्लिमेंट प्रोटीपी, पैक्ड मल्टी-विटामिन मल्टी मिनिरल्स, जिंसी टोटल हेल्थ।

### इन मेडिकल स्टोर पर रेड

7 जून को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने रायपुर में 4, दुर्ग में 4, बिलासपुर में 5 ,सरगुजा में 3, बस्तर 3 मेड्किल स्टोर में जाकर सैंपल लिए। रायपुर के लक्ष्मी मेडिकल हॉल, न्यू राजेंद्र नगर, फ्रेंक रॉस फार्मेसी, श्री मेडिकल स्टोर्स टिकरापारा, अरिहंत फार्मा, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स, दुर्ग में जिनदत्त मेडिकल एजेंसीज, टीवीएस फार्मास्युटीकल्स एंड मार्केटिंग, शास्त्री नगर भिलाई, मनोहर मेडिकोज सेक्टर -9 हॉस्पिटल भिलाई, टीसी मेडिकोज। बिलासपुर में पंजाब मेडिकल स्टोर्स तोरवा, गणपति मेडिकल, देवांगन मेडिकल मोपका सुन ट्रेडर्स तेलीपारा, भूमिका मेडिकल स्टोर्स जूनी लाइन। सरगुजा में कश्मीरा मेडिकल एंड जनरल एजेंसी दर्रीपारा अंबिकापुर, नेताजी फार्मा अंबिकापुर, श्याम मेडिकल स्टोर्स कुंडला सिटी अंबिकापुर। बस्तर में दुलहनी मेडिकल एजेंसी जगदलपुर, शक्ति सेल्स जगदलपुर, रॉयल मेडिकल।

### इन बातों का रखें ध्यान

* हमेशा लाइसेंस धारी मेडिकल या संस्थान से ही खरीददारी करें।
* दवा या फूड सप्लीमेंट लेते समय बिल जरूर लें।
* एक्सपायरी डेट चेक करना कतई ना भूलें।
* एलर्जी सूचना को अवश्य ध्यान से पढ़ें और समझें।
* डॉक्टर के पर्चे के अनुसार ही दवा खरीदें।

### आप यहां कर सकते हैं शिकायत

केंद्र सरकार के मोबाइल एप 'फॉर्मा सही दाम' से दवाइयों के दाम की जांच कर सकते हैं। यदि लगता है मेडिकल या दुकानदार अधिक मूल्य वसूल रहा है तो टोल फ्री नंबर 1800111255 अथवा 9340597097 पर शिकायत करें।

# आंधी तूफान से गिरा राईस मिल का आहता



राजनांदगांव (दावा)। जहां एक और किसान मानसून का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वही राजनांदगांव जिले के तुमड़ीबोड़ क्षेत्र के मुंदगांव में शाम को आए आंधी और बारिश की वजह से कई पेड़ एवं एक राइस मिल की आहता (बाउंड्रीवॉल) ध्वस्त हो गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 15 जून दिन शनिवार को आए तेज आंधी एवं बारिश की वजह से मूंदगांव क्षेत्र में कई पेड़ तबाह हो गए। साथ ही मां पद्मावती राइस इंडस्ट्री में निर्मित बाउंड्रीवॉल ध्वस्त हो गई। अचानक आए आंधी और तूफान के कारण मिल के अंदर अफरा-तफरी मच गई। बाउंड्रीवॉल के गिरने से मिल मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है, वही मिल में कई मजदूर एवं आपरेटर काम करते हैं, गरीमत है कि मिल में कार्यरत मजदूर सभी सुरक्षित है।

# श्याम परिवार मित्र मंडल ने किया शरबत वितरित



**राजनांदगांव ( दावा )। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आज निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर भारत माता चौक में राहगीरों को लगभग 2500 गिलास शीतल शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोपाल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, संतोष हुंका, अशोक अग्रवाल ( ट्रांसपोर्ट ), संतोष अग्रवाल, राहुल लोहिया, आशीष अग्रवाल, काव्य अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।**

# एप में हेल्थ हिस्ट्री भी स्टोर होगी, जिला अस्पताल में हेल्प के लिए काउंटर बनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ओपीडी पर्ची बनाने अब पंजीयन काउंटर में लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मोबाइल पर एक एप आभा के माध्यम से मरीजों का पंजीयन किया जाएगा, जिसमें मरीजों की हेल्थ हिस्ट्री भी स्टोर होती रहेगी। इन दोनों अस्पताल में मरीज और मरीजों की हेल्प के लिए अलग से काउंटर भी बनाया गया है।

मरीज इस एप से पर्ची बना कर डॉक्टरों से जांच और इलाज करा सकते हैं। अस्पताल में इस तरह की नई व्यवस्था लागू की गई है। मरीज या परिजन घर बैठे ही मोबाइल एप (आभा) के माध्यम अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं या इस एप के क्यू आर कोड का इस्तेमाल कर सकते हैं।



### मरीज का एक कार्ड बनाया जाएगा

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक मोबाइल एप (आभा) तैयार किया है जिसका उपयोग कर मरीज या परिजन ओपीडी पर्ची बनाने रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इस एप में मरीज का एक आभा कार्ड बनेगा जिसमें यूजर्स को एक 14 डिजिट का कार्ड भी मिलेगा, जिसमें मरीज के हेल्थ से संबधित डाइग्नोस्टिक व दवा की पूरी जानकारी रहेगी। इसका एक और फायदा यह है कि कहीं पर भी किसी भी डॉक्टर द्वारा मरीज की पूरी हेल्थ हिस्ट्री जानने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

### एप का उपयोग करने किया जा रहा प्रोत्साहित

जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों का इसका उपयोग करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए अलग काउंटर बनाया गया है जहां स्टाफ के द्वारा मरीजों को इस एप के उपयोग की जानकारी दी जाती है। आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत एप का यूज करने जोर दे रहें है। यूजर्स को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। पंजीयन के लिए मरीज या परिजन को एप या जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज के एप का क्यूआर कोड का इस्तेमाल करना होगा। एप से ओपीडी पर्ची बनाने अस्पतालों को दिया लक्ष्य अस्पतालों को इस एप के माध्यम से ओपीडी की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य दिया गया है। प्रतिदिन आने वाले मरीजों 40 प्रतिशत का इसी एप से ओपीडी पर्ची बनानी है। वर्तमान में यहां 30 फीसदी मरीजों की एप से पर्ची बन रही है। अब तक 750 से ज्यादा पर्ची इसी एप से बनी। स्टाफ को इस एप का उपयोग करने और दूसरों को भी एप का उपयोग सीखने प्रोत्साहित करने कहा गया है। एप में प्रोसेस करने के बाद केवल प्रिंट लेना होगा और स्टॉफ द्वारा मरीज को उसी बीमारी अनुसार इलाज करने वाले डॉक्टर का नाम एवं रूम नंबर दिया जाएगा।




आवश्यकता है
एच पी पेट्रोल पंप हेतु सेल्समेन/सेल्सगर्ल्स की आवश्यकता है।
योग्यता- 12वीं पास
-: संपर्क :-
जय माँ भवानी फ्यूल्स, ग्राम -ढारा
मो.9630206705, 9340838950




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com